रोहतक

बुधवार, 11 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 131
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 46.2
न्यून. 26.1

बाजार का हाल

मार्केट	बंद	नीचे/तेजी
सेंसेक्स	82,391.72	53.49 ▼
निफ्टी	25,104.25	1.05 ▲

धातु	कीमत	गिरावट
सोना	97,770 /-	110/- ▼
चांदी	1,07,100/-	1000/- ▼

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

मुद्रा	प्रति डॉलर	ऊपर
रुपया	85.62	4 पैसे ▲
क्रूड ऑयल 67.16/ बैरल		0.18% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड

नया खुलासा, राजा की हत्या के बाद इंदौर आई थी सोनम यहीं से यूपी के गाजीपुर गई चारों आरोपितों ने जुर्म कबूला

सोनम बेवफा : भरोसे के 'कत्ल' का भयंकर अंजाम, नहीं थम रहे तीन माताओं के आंसू, राजा के पिता बोले-मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है, दोषियों को फांसी दो

इंदौर (मध्यप्रदेश) (भाषा)। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) हत्याकांड में मंगलवार को नया खुलासा हुआ है। पति राजा की हत्या के बाद सोनम रघुवंशी 25 मई को शिलॉन्ग से सिलीगुड़ी के रास्ते ट्रेन से इंदौर पहुंची थी। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम के अनुसार इंदौर आने के बाद वह किराए के कमरे में रुकी थी। सोनम को एक ड्राइवर ने वाराणसी में ड्रॉप किया था, जहां से वह गाजीपुर पहुंची। इस बीच, इंदौर में क्राइम ब्रांच और मेघालय पुलिस की टीम मंगलवार को आरोपित विशाल को लेकर उसके घर पहुंची। वारदात के समय पहने गए कपड़े

जब्त किए। क्राइम ब्रांच के एसीपी पूनम चंद्र यादव ने बताया कि राजा रघुवंशी पर पहला वार विशाल ने ही किया था। दूसरी तरफ, मेघालय पुलिस सोनम को लेकर पटना एयरपोर्ट से रवाना हो चुकी है। टीम पहले कोलकाता पहुंचेगी फिर गुवाहाटी होते हुए शिलॉन्ग पहुंचेगी। सोनम करीब 6 घंटे तक पटना के थाने में रही, वह टेबल पर सिर रखकर रोती रही। चाय तक नहीं पी। इधर, मेघालय पुलिस की एक टीम इंदौर से 4 आरोपितों को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पहुंच गई है। यहां से उन्हें शिलॉन्ग ले जाया जाएगा। दूसरी तरफ, इस हत्याकांड के बाद राजा, सोनम और मुख्य आरोपित राज कुशवाह की माताओं के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। तीनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं राजा के पिता अशोक रघुवंशी का कहना है कि मेरे बेटे ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ा है। सभी दोषियों को फांसी की सजा दी जाए।

मेघालय पुलिस सोनम व चार अन्य आरोपितों को लेकर शिलॉन्ग रवाना

मेरा बेटा इतना बड़ा अपराध कैसे कर सकता है : राज की मां चुन्नी

सोनम के साथ मिलकर राजा हत्याकांड की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपित राज कुशवाह की गिरफ्तारी के बाद उसकी मां चुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। कुशवाह के पिता की मौत हो चुकी है। वह अपने परिवार में इकलौता कमाने वाला शख्स है। वह एक कमरे के किराये के घर में दीवारों पर चिपकी देवी-देवताओं की तस्वीरों के सामने दोनों हाथ जोड़ती हैं और बिलखते हुए प्रार्थना करती हैं, 'हे ईश्वर, मेरे बेटे को बचा लो'। कुशवाह के कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में उसकी मां और तीन बहनें हैं। उसका परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। चुन्नी देवी ने कहा,'मेरा बेटा बेकसूर है। उसे फंसाया गया है। 20 साल का लड़का इतना बड़ा अपराध कैसे कर सकता है?

दूसरा लड़का पसंद था, तो शादी से मना क्यों नहीं किया : राजा की मां उमा

राजा की मां उमा ने कहा, 'शुरुआत में हमें यकीन नहीं हो रहा था कि मेरी बहू सोनम मेरे बेटे राजा की हत्या करा सकती है, लेकिन हमें इस बात पर धीरे-धीरे यकीन होता जा रहा है।' राजा रघुवंशी की हार चढ़ी तस्वीर के पास खड़ी उनकी मां गम और गुस्से के मिले-जुले जज्बात से गुजरते हुए पूछती हैं, अगर सोनम को दूसरा लड़का पसंद था, तो उसने राजा से शादी से मना क्यों नहीं किया? उसने मेरे बेटे की जान क्यों ली? मेघालय में पति के साथ हनीमून मनाने जाने की योजना खुद सोनम ने बनाई थी। मुझे पता नहीं था कि मेघालय से मेरा बेटा पार्थिव शरीर के तौर पर लौटेगा। सोनम का मायका इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके में है। वह फर्नीचर में इस्तेमाल होने वाली सनमाइका शीट के कारोबार के पारिवारिक प्रतिष्ठान का काम-काज संभालती है।

दामाद के हत्याकांड की विस्तृत जांच हो : सोनम की मां संगीता

सोनम की मां संगीता ने धीमे स्वर में कहा,"मेरी बेटी पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। मैं अभी नहीं कह सकती कि राजा रघुवंशी के साथ मेघालय में क्या हुआ होगा? उन्होंने मांग की कि उनके दामाद के हत्याकांड की विस्तृत जांच होनी चाहिए।

बेटा ताबूत में लौटा : अशोक

इंदौर। राजा के पिता अशोक रघुवंशी ने कहा कि मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है। उसकी हत्या के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, ताकि एक नजीर पेश हो और आइंदा किसी माता-पिता को उनका बेटा इस तरह ना खोना पड़े। हनीमून मनाने मेघालय गया मेरा बेटा ताबूत में घर लौटा। 'जघन्य तरीके से हत्या के कारण मेरे बेटे का पार्थिव शरीर क्षत-विक्षत था।

सोनम के सामने की हत्या

चारों आरोपियों राज कुशवाह, आकाश राजपूत, विशाल चौहान और आनंद कुर्मी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजा की हत्या के समय सोनम वहां मौजूद थी और पति को मरते हुए देख रही थी। हत्या के बाद राजा को खाई में फेंक दिया। विशाल ने रा पर पहला वार किया था।

खबर संक्षेप

दिल्ली: अवैध रूप से रह रहे 92 बांग्लादेशी पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली में 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगोलपुरी रेलवे लाइन के पास नौ जून को एक विशेष अभियान के दौरान 31 पुरुषों, 22 महिलाओं, 24 नाबालिग लड़कों व 15 नाबालिग लड़कियों सहित कुल 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। भाषा

चैटजीपीटी : दिक्कत से उपयोगकर्ता प्रभावित

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। चैटजीपीटी की सेवाओं पर सबसे ज्यादा असर भारत और अमेरिका के उपयोगकर्ताओं पर देखने को मिला। भाषा

एमयूडीए घोटाला : 100 करोड़ की 92 संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के स्थलों के आवंटन में बड़े पैमाने पर हुए ''घोटाले'' के सिलसिले में 100 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 92 संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की भी कथित तौर पर संलिप्तता बताई जा रही है। भाषा

भारत की वृद्धि दर 6.3% पर बरकरार

वाशिंगटन। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 प्रतिशत था। भाषा

घर से बच्चों को पार्क में घुमाने ले गया था बिहार का मनोज

बल्लभगढ़ में चार बेटों के साथ ट्रेन के आगे कूदा पिता, ट्रैक पर बिखर गए पांचों के शव

आत्महत्या से पहले बच्चों को चिप्स व कोल्डड्रिंक्स दिलवाया | **बच्चों ने भागने का प्रयास किया तो बाहों में जकड़ा** | **चारों बच्चों की उम्र तीन से दस वर्ष के बीच, जेब में पर्ची मिली** | **पत्नी पर शक करता था, सुबह दोनों में हुआ झगड़ा**

महिला प्रिया ने बताया कि पति मनोज बेलदारी करता था। वह उसके चरित्र पर शक करता था। वह रिश्तेदारों से भी फोन पर बात करती तो झगड़ा करता था। मंगलवार की सुबह भी एक रिश्तेदार का फोन आया था। वह सुनने लगी तो पति ने झगड़ा किया था। मगर, कुछ देर बाद ही वह चुप हो गया था। इसके बाद साढ़े 12 बजे बच्चों को लेकर गया था। उसने पूछा तो कहा कि पार्क में घुमाकर ला रहा हूं।

फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)। फरीदाबाद में मंगलवार की दोपहर बिहार के मनोज महतो ने अपने 4 बेटों के साथ ट्रेन के आगे कूद गया। पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। आत्महत्या करने से पहले उसने बच्चों को कोल्ड ड्रिंक और चिप्स भी दिलाए थे। ट्रेन आने पर बच्चों ने बचने की कोशिश की तो मनोज ने उन्हें बांहों में जकड़ लिया। ट्रेन सभी को काटते हुए आगे बढ़ गई और पांचों के शव ट्रैक पर बिखर गए। मृतक मनोज महतो (45) मूल रूप से बिहार के जिला लखीसराय, थाना बहरिया, गांव तारतरा का रहने वाला था। वह बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में पत्नी और चारों बच्चों के साथ किराए पर रहता था। मरने वाले चारों बच्चे लड़के हैं, जिनकी उम्र 3 से 10 साल के बीच बताई जा रही है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि मनोज अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। सुबह दोनों में झगड़ा हुआ था। दोपहर को वह चारों बच्चों को पार्क में घुमाकर लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन गोल्डन टेंपल मेल के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। जीआरपी थाने के एसएचओ राजपाल के मुताबिक, दोपहर करीब 1:20 बजे मुंबई से अमृतसर जा रही गोल्डन टेंपल मेल के ड्राइवर ने बल्लभगढ़ रेलवे जीआरपी पुलिस चौकी के इंचार्ज राजेंद्र कुमार को हादसे की सूचना दी।

पांचों के शरीर के चिथड़े उड़े

एसएचओ ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रेलवे ट्रैक पर पांच लाशें बिखरी पड़ी मिली। ट्रेन की टक्कर से पांचों के शरीर के चिथड़े उड़ गए। रेलवे ट्रैक पर काफी दूर तक शरीर के हिस्से पड़े थे। पुलिस टीम ने किसी तरह लाशों और शरीर के हिस्सों को एकत्र किया। मृतक व्यक्ति के कपड़ों की तलाशी ली गई तो आधार कार्ड के साथ एक पर्ची मिली। आधार कार्ड में मनोज महतो और पर्ची पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मोबाइल नंबर के सामने लिखा था पत्नी का नंबर। पुलिस ने इस मोबाइल नंबर पर कॉल कर जानकारी दी।

जीआरपी के प्रभारी राजपाल ने बताया कि फिलहाल पांचों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके हॉस्पिटल भेज दिया है। मनोज की बहन को भी मामले की सूचना दे दी है। उधर, महिला प्रिया ने चरित्र पर शक करने वाली बात कही है, जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस ने दी पत्नी को सूचना

एसएचओ ने फोन नंबर पर कॉल की गई तो महिला ने फोन उठाया। उससे पूछा कि मनोज आपका क्या लगता है, इस पर महिला ने बताया कि उनके पति हैं, बच्चों को पार्क लेकर गए हैं। हमने उन्हें बताया कि रेलवे ट्रैक पर आइए, एक्सीडेंट हो गया है। उसने पूछा कि कैसे हो गया, उसे बताया गया कि ट्रेन से हुआ है, आप आ जाइए। करीब 5 मिनट बाद ही महिला मौके पर आ गई थी। पति और बच्चों के शव देखकर वह बिलख पड़ी। रोती बिलखती वह बेहोश हो गई। महिला प्रिया ने बताया कि वह रेलवे ट्रैक के पास ही सुभाष कॉलोनी की रहने वाली है। दोपहर साढ़े 12 बजे पति चारों बच्चों पवन(10), कारू (9), मुरली (5) और छोटू (3) साल को लेकर घर से निकला था।

पानीपत में दो फर्जी अस्पताल पकड़े, डॉक्टर और स्टाफ की नकली डिग्रियां मिली

पानीपत। सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा पकड़े गए कथित फर्जी अस्पताल।

सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त छापेमारी में पानीपत में दो फर्जी अस्पताल पकड़े गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टर्स और स्टाफ की डिग्रियां भी फर्जी मिली हैं। टीम ने जाटल रोड स्थित देव ईएच क्लीनिक और आठ मरला कालोनी स्थित एसके क्लीनिक पर छापा मारा। दोनों ही अस्पताल फर्जी मिले। ये अस्पताल कई महिनों से चल रहे थे। दोनों अस्पतालों में कई मरीज भी भर्ती थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इन मरीजों को निगरानी में ले लिया है। मौके से भारी मात्रा में दवाइयां और अन्य चिकित्सा उपकरण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, बिल्डिंग में मेडिकल इंस्टीट्यूट भी चल रहा था, जिसमें मोटी फीस लेकर बच्चों को एडमिशन दिया जाता था। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने बताया कि देव ईएच क्लीनिक नाम के फर्जी अस्पताल के बाहर बोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है कि हमारे यहां बच्चों और बड़ों की हर प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाता है। वहीं, दूसरे अस्पताल आठ मरला स्थित एसके क्लीनिक के बाहर लगे बोर्ड पर अस्पताल से एसोसिएट डॉक्टरों के नाम भी लिखे हैं।

भारी मात्रा में दवाइयां बरामद कई मरीज भी भर्ती मिले

एक अस्पताल में तो मेडिकल इंस्टीट्यूट भी चल रहा था

एक अस्पताल में बच्चों का किया जाता है इलाज

बोर्ड पर रोहतक पीजीआई के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. अरूण महला का नाम भी लिखा मिला

बोर्ड पर पीजीआई के पूर्व रजिस्ट्रार का भी नाम

देव अस्पताल पर लगे बोर्ड पर रोहतक पीजीआई के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. अरूण महला का भी नाम लिखा था। बोर्ड पर दावा किया गया है कि डॉ. महला नवजात शिशुओं के स्पेशलिस्ट हैं और अस्पताल में इलाज करते हैं। इनके अलावा चार और अन्य स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पैनल को अस्पताल से जुड़े होने का दावा किया गया है। इधर, जांच में दोनों अस्पतालों में कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिला।

शिकायत के आधार पर रेड

डीएसपी सीएम फ्लाइंग सुशील कुमार ने बताया कि दोनों अस्पतालों पर सूचना एवं शिकायत के आधार पर रेड की गई है। एक अस्पताल जाटल रोड पर देव क्लीनिक के नाम से है, जबकि दूसरा आठ मरला में एसके क्लीनिक के नाम से है। इन दोनों अस्पतालों के बारे में सूचना थी कि फर्जी डिग्रियां लेकर इन्हें डॉक्टर चला रहे हैं। फर्जी डिग्रियों के आधार पर लोग डॉक्टर बने हुए थे और लोगों का इलाज कर रहे थे।

झुग्गियों को तोड़ने का विरोध करने पर पूर्व सीएम आतिशी हिरासत में

नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को पूर्व सीएम आतिशी को हिरासत में ले लिया। वे कालकाजी के भूमिहीन कैंप में झुग्गियां को तोड़े जाने का विरोध कर रही थीं। पूर्व सीएम ने कहा, भाजपा इन झुग्गियां को तोड़ने वाली है। आज मुझे जेल लेकर जा रही है, क्योंकि मैं इन झुग्गी वालों की आवाज उठा रही हूं। भाजपा सीएम रेखा गुप्ता आप लोगों को झुग्गी वालों की हाय लगेगी। बीजेपी कभी वापस नहीं आएगी, इन गरीबों की हाय लगेगी।' बुलडोजर एक्शन के खिलाफ प्रदर्शन करने पर पुलिस ने

कालकाजी में कर रहे थे प्रदर्शन, पुलिस ने उठाया, आतिशी बोलीं सरकार को गरीबों की हाय लगेगी

सीएम आतिशी को हिरासत में लिया। वहीं, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, 'मात्र तीन महीनों में इन्होंने दिल्ली को बर्बाद कर दिया।

यूट्यूबर ज्योति ने जमानत के लिए लगाई याचिका

हिसार(हरिभूमि न्यूज)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने अपने वकील कुमार मुकेश के माध्यम से मंगलवार को न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार की कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दायर की है। अदालत ने इस पर हिसार पुलिस से 11 जून तक जवाब मांगा है। ऐसे में बुधवार को ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। दायर याचिका में कहा कि ज्योति वर्ष 2023 को पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी।

स्कूल में गोलीबारी कर आठ छात्रों समेत 9 लोगों की हत्या

वियना (एपी)। ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। संदिग्ध हमलावर भी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गोलीबारी करने वाला हमलावर 21 वर्षीय ऑस्ट्रियाई व्यक्ति था, जिसके पास दो हथियार थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमलावर ने वैध तरीके से हथियार प्राप्त किये थे। पुलिस ने कहा कि उन्हें तुरंत इस व्यक्ति के मकसद के बारे में जानकारी नहीं मिली। उसने कहा कि हमलावर ने नौ लोगों को गोली मारने के बाद शौचालय में खुद को मार डाला।

हमलावर भी मौके पर ही मारा गया

ऑपरेशन सिंदूर | प्रधानमंत्री ने 50 से अधिक सदस्यों के साथ किया डिनर, ली जानकारी

पीएम मोदी 33 देशों से लौटे, 7 प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मिले, सभी ने अनुभव शेयर किए

थरूर बोले-हमने भारत की एकता का संदेश दिया, सब को बताया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेन्द्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार शाम मुलाकात की। उनके साथ डिनर किया। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले 7 प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुका है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल हैं। पीएम ने 'एक्स' पर कहा, विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों से मुलाकात की व शांति के प्रति प्रतिबद्धता तथा आतंक के खतरे को खत्म करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज दुनिया के सामने रखी, उस पर हम सभी को गर्व है।'

शशि थरूर का ग्रुप मंगलवार को ही भारत लौटा

ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर कहा-जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया।

प्रतिनिधिमंडलों में ये नेता शामिल रहे

- चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे।
- भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे थे, जिनमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग विदेशों में भारत के हितों की पैरवी करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के साथ थे। प्रतिनिधिमंडलों में प्रमुख पूर्व सांसदों में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु की एएक्स-4 मिशन में अहम भूमिका

वायु सेना प्रमुख ने शुभांशु को दी बधाई।

भारत का अंतरिक्ष में आज ऐतिहासिक कदम

नई दिल्ली। भारत ने अंतरिक्ष में एक नया अध्याय शुरू करने की ओर कदम बढ़ाया है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 40 वर्षों में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने जा रहे हैं। उन्हें इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम (एचएसपी) के तहत एएक्स-4 के लिए चयनित किया गया है। इस मिशन में वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर यात्रा करेंगे और मिशन पायलट की भूमिका निभाएंगे। एक्सिओम-4 मिशन 11 जून (बुधवार), 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे लॉन्च होगा। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की और शुभकामनाएं दीं।

GALGOTIAS UNIVERSITY NOW RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST

BY QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

Launched India's 1st and Finest
AI led Active Learning Campus
@ Galgotias University

IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE

G-SCALE
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

Record Breaking Placements

Facilitating more Learning through Active/Collaborative Engagement

Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers

Being in NCR and in close proximity with major industrial, corporate and aviation hubs, our students get the best of the faculty and industry exposure that enable our students to have a distinct edge over other universities

Our Students selected for
ASEAN SUMMER
@
Nanyang Technological University, Singapore

Yash Vardhan Raj
B.Sc. (Microbiology)

Priyanshu Yadav
B.Tech
(Computer Science & Engineering)

Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Certificate/Ph.D. Programmes

UG Programs

School of Computer Science & Engineering
- B.Tech in Computer Science and Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Data Science)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cyber Security and Digital Forensic)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Business Analytics and Optimization)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Computer Network and Cyber Security)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Data Analytics)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Gaming Technology)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Cloud Computing and Virtualization)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Full Stack Development)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Internet of Things and Cyber Security Including Block Chain Technology)
- B.Tech in Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- B.Tech in Artificial Intelligence and Machine Learning
- B.Tech in Artificial Intelligence and Data Science
- B.Tech in Computer Science and Engineering - (For Working Professionals Only)

School of Computer Applications & Technology
- B.Sc (Hons) Computer Science*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Cloud Computing)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Cyber Security)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Data Science)*
- B.Sc (Hons) Computer Science (Game Design and Development)*
- BCA*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Artificial Intelligence and Machine Learning)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Cloud Computing and Virtualization)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Computer Networks and Cyber Security)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Data Analytics)*
- BCA in Industry Oriented Specialization (Multimedia and Animation)*
- Integrated BCA + MCA

School of Artificial Intelligence
- B.Sc. in AI (Digital Twin and Extended Reality XR)
- B.Sc. in AI (Agentic AI - Autonomous Intelligent Systems)
- B.Sc. in AI (Agritech and Smart Farming)
- B.Sc. in AI (Robotics and Intelligent Systems)
- B.Sc. in AI (Healthcare and Bioinformatics)
- B.Sc. in AI (Data Science and Advanced Analytics)
- BBA in AI (Fintech and Banking Innovation)
- BBA in AI (Human Resource Management)
- BBA in AI (Digital Marketing and Consumer Insights)
- BBA in AI (MediaTech and Content Intelligence)
- BBA in AI (Supply Chain and Operations Management)

School of Engineering
Department of Civil Engineering:
- B.Tech in Civil Engineering
- B.Tech (Hons) in Civil Engineering (Smart Cities)
- B.Tech in Civil Engineering (Geographical Information Systems and Remote Sensing) (New)

Department of Electrical, Electronics & Communication Engineering
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech in Electronics and Computer Engineering (New)
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
- B.Tech Electronics and Communication (Advanced Communication Technology)
- B.Tech in Electrical Engineering
- B.Tech in Electrical Engineering (Electric Vehicle)
- B.Tech in Electrical and Computer Engineering (New)
- B.Tech in Electrical and Electronics Engineering
- B.Tech in Embedded Sysytems
- B.Tech in Electronics and Communication Engineering (For Working Professionals Only)

Department of Mechanical Engineering:
- B.Tech Mechanical Engineering (NBA Accredited)
- B.Tech Mechanical Engineering with specialization in E-Vehicles & Autonomous Vehicles
- B.Tech in Robotics
- B.Tech in Mechatronics
- B.Tech Mechanical Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- B.Tech Mechanical Engineering (For Working Professionals Only)

School of Defence Technology
B.Tech / M.Tech in Defence Technology with specialisations in:
- Aerospace Technology
- Communication Systems & Sensors
- AI & Cyber Security
- Directed Energy Technology

School of Business
Department of Management
- BBA*
- BBA Business Analytics*
- BBA Marketing and Automobile Management*
- BBA Digital Marketing
- BBA with ACCA
- Integrated MBA (BBA with MBA)

Department of Finance
- BBA Banking, Financial Services and Insurance*

School of Aviation, Logistics & Tourism Management
- BBA Aviation Management*
- BBA Logistics and Supply Chain Management*
- BBA (Tourism & Travel)*

School of Liberal Education
- BA (Hons.) in Psychology*
- BA (Hons.) in Economics*
- BA (Hons.) in Political Science*
- BA (Hons.) in Sociology*
- BA (Hons.) in Liberal Arts
- BA (Hons.) in Social Work
- BA (Hons.) in Public Policy & Governance
- B.Sc (Hons. with Research) in Economics

School of Languages
- BA (Hons) Japanese
- BA (Hons) French
- BA (Hons) English*

School of Finance & Commerce
- B.Com. (Hons)*
- B.Com. (Hons) International Accounting and Finance*
- B.Com (Hons) Applied Finance and Analytics*
- B.Com (Hons) Financial Markets*
- BBA Financial Investment Analysis*

School of Basic Sciences
- B.Sc. (Hons) Chemistry*
- B.Sc. (Hons) Mathematics*
- B.Sc. (Hons.) Physics*
- B.Sc (General) PCM*

School of Biosciences & Technology
Department of Biotechnology & Bioengineering
- B.Tech in Biotechnology
- B.Tech in Biomedical Engineering
- B.Tech Chemical and Biochemical Engineering

Department of Life Sciences
- B.Sc (General) ZBC*
- B.Sc (Hons) Biomedical Science*
- B.Sc (Hons) in Microbiology*
- B.Sc (Hons) in Zoology*
- B.Sc (Hons) Biochemistry*
- B.Sc (Hons) Biological Science*
- B.Sc. (Hons) Biotechnology*

Department of Food Technology
- B.Sc in Food Science and Dietetics*
- B.Tech in Food Technology

Department of Biomedical Sciences
- B.Sc in Healthcare and Clinical Research*
- B.Sc in Medical Biotechnology*
- B.Sc. in Clinical Nutrition & Dietetics*
- B.Sc (Hons.) in Healthcare and Hospital Management*

Department of Forensic Sciences
- B.Sc. (Hons.) in Forensic Science*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Questioned in Documents and Fingerprints*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Biology and Serology*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Toxicology and Explosives*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Cyber and Multimedia Forensics*
- B.Sc. (Hons) in Forensic Science with specialization in Forensic Physics and Ballistics*
- Integrated B.Sc. and M.Sc. in Forensic Science

School of Agriculture
- B.Sc (Hons.) Agriculture

School of Law
- Bachelor of Law (LLB) (Hons) approved by Bar Council of India
- Integrated BA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)
- Integrated BBA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)

School of Allied Health Sciences
- B.Sc Yoga Therapy
- Bachelor of Physiotherapy
- B.Sc Medical Lab Technology
- B.Sc in Operation Theatre Technology (New)
- Bachelor of Optometry
- B.Sc Cardiovascular Technology
- B.Sc in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)

School of Medical and Allied Sciences
- Bachelor of Pharmacy (Approved by Pharmacy Council of India) (NBA Accredited)

School of Nursing
- B.Sc. in Nursing (approved by Indian Nursing Council)

School of Media & Communication Studies
- BA (Hons.) in Digital Media and Communication (in association with India Today Media Institute)
- BA Journalism and Mass Communication*
- BA Journalism and Media
- BA Film Production and Theatre*
- BA Strategic Communication*
- B.Sc. Cinema in association with GKFTII

School of Hospitality
- Bachelor of Hotel Management
- B.Sc. Hotel Management*

School of Design
- Bachelor of Design (Fashion Design) (In Association with GKFTII)
- Bachelor of Interior & Spatial Design
- Bachelor of Design in Advertising, Graphics & Web Design
- Bachelor of Design (Communication Design)
- Bachelor of Design (Product Design)
- B.Sc. Fashion Design (In Association with GKFTII)

School of Education
- B.Ed. (approved by National Council for Teacher Education)

School of Vocational Education
- Bachelor of Vocation in Telecom
- Bachelor of Vocation in Electronic Manufacturing
- Bachelor of Vocation in Agriculture Processing
- Bachelor of Vocation in Graphic Design & Multimedia Technologies
- Bachelor of Vocation in Retail Management
- Bachelor of Vocation in Building and Construction Technology
- Bachelor of Vocation in Food Processing
- Bachelor of Vocation in Hospitality and Tourism
- Bachelor of Vocation in Automobile Manufacturing
- Bachelor of Vocation in Logistics Management
- Bachelor of Vocation in Banking and Financial Services and Insurance
- Bachelor of Vocation in Medical Lab Technology
- Bachelor of Vocation in Health Care Management
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Visual Communication) in association with Ecole Intuit Lab
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Digital Product Design) in association with Ecole Intuit Lab
- Bachelor of Vocation (Multimedia and Game Art and Design) in association with Ecole Intuit Lab

*For selected 3 Year Undergraduate programs, you have the option to continue for 4th year to obtain an Honours with Research Degree.

PG Programs

School of Computer Science & Engineering
- M.Tech in Data Science
- M.Tech in Computer Science Engineering
- M.Tech in Computer Science Engineering- Artificial Intelligence & Machine Learning
- M.Tech in Computer Science and Engineering - Cyber Security (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science and Engineering - Data Science (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science Engineering - (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Computer Science Engineering - Artificial Intelligence & Machine Learning - (For Working Professionals Only)

School of Computer Applications & Technology
- M.Sc. in Computer Science
- MSc. in Data Science
- MCA
- MCA (Industry Oriented Specialization in Web Designing & Security)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Cloud Computing)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Computer Network & Cyber Security)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Artificial Intelligence & Machine Learning)
- MCA (Industry Oriented Specialization in Data Analytics)

School of Engineering
Department of Civil Engineering:
- M.Tech in Geotechnical Engineering
- M.Tech in Structural Engineering
- M.Tech in Transportation Engineering
- M.Tech in Structural Engineering (For Working Professionals Only)
- M.Tech in Transportation Engineering (For Working Professionals Only)

Department of Electrical, Electronics & Communication Engineering
- M.Tech in Power System Engineering
- M.Tech in Communication Engineering (Satellite Communication)
- M.Tech Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
- M.Tech Electronics and Communication (Advanced Communication Technology)
- M.Tech in Power System Engineering (For Working Professionals Only)

Department of Mechanical Engineering:
- M.Tech in Industrial & Production Engineering
- M.Tech in Mechanical Engineering (CAD/CAM & Robotics)

School of Business
Department of Management
- MBA Dual Specialization (NBA accredited)
- MBA (Digital Marketing)
- Post-Graduate Diploma in Advanced Sustainability Practices and Innovations
- Post-Graduate Diploma in Environmental, Social, and Governance (ESG) and Sustainable Development Goals (SDG) Practices
- Post-Graduate Diploma in Strategic Entrepreneurship
- Post-Graduate Diploma in Advanced Entrepreneurship and Venture Development

School of Aviation, Logistics & Tourism Management
- MBA (Aviation Management)
- MBA (Logistics and Supply Chain Management)
- MBA Tourism & Travel Management

School of Liberal Education
- MA in Psychology
- MA in Economics
- MA in Political Science
- MA in Sociology
- MA in Social Work
- MA in Politics and International relations
- M.Sc. in Cognitive Sciences, Learning & Technology
- MA in Public Policy
- PG Diploma in Counselling Psychology

School of Languages
- MA in Linguistics
- MA in French
- MA in English

School of Finance & Commerce
- M.Com
- Master of Finance and Control
- MBA Financial Management

School of Basic Sciences
- M.Sc. in Physics
- M.Sc. in Chemistry
- M.Sc. in Mathematics
- M.Sc. in Sustainability

School of Biosciences And Technology
Department of Life Sciences
- M.Sc. in Biotechnology
- M.Sc in Biological Science
- M.Sc in Microbiology
- M.Sc in Biochemistry
- M.Sc in Biomedical Science
- M.Sc in Zoology

Department of Food Technology
- M.Sc in Food Safety and Quality Assurance

Department of Biomedical Sciences
- M.Sc in Healthcare and Clinical Research
- M.Sc. in Medical Biotechnology
- M.Sc in Food Science and Dietetics
- M.Sc. in Clinical Nutrition & Dietetics
- M.Sc in Industrial Biotechnology
- M.Sc Neuroscience with specialization in Cognitive Computing
- M.Sc Nanoscience and Technology

Department of Forensic Sciences
- M.Sc. in Forensic Science
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Questioned Documents and Fingerprints
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Biology and Serology
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Toxicology and Explosives
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Cyber and Multimedia Forensics
- M.Sc. in Forensic Science with specialization in Forensic Physics and Ballistics
- Post-Graduate Diploma in Questioned Documents and Fingerprints
- Post-Graduate Diploma in Crime Scene Management
- Post-Graduate Diploma in Forensic Photography
- Post-Graduate Diploma in Forensic Toxicology and Explosives
- Post-Graduate Diploma in Forensic Biology and Serology
- Post-Graduate Diploma in Forensic Ballistics
- Post-Graduate Diploma in Multimedia Forensics
- Post-Graduate Diploma in Cyber and Digital Forensics

Department of Biotechnology & Bioengineering
- M.Tech Biotechnology & Biochemical Engineering
- M.Tech Biomedical Engineering

School of Agriculture
- M.Sc (Agriculture) Agronomy
- M.Sc (Agriculture) Entomology
- M.Sc (Agriculture) Soil Science
- M.Sc (Hort.) Fruit Science
- MBA (Agribusiness Management)
- MBA (Agribusiness Management) in association with SARM
- MBA Rural Management in association with SARM

School of Law
- Master of Law (LLM) in Constitutional law and Governance
- Master of Law (LLM) in Corporate Law
- Master of Law (LLM) in Criminal Law & Criminal Justice
- Master of Law (LLM) in Environmental Law
- Master of Law (LLM) in Intellectual Property Law
- Master of Law (LLM) in Law and Emerging Technology

School of Allied Health Sciences
- Master of Physiotherapy (Cardiology)
- Master of Physiotherapy (Sports Medicine)
- Master of Physiotherapy (Orthopaedics)
- Master of Physiotherapy (Neurology)
- Masters in Optometry
- M.Sc in Cardiovascular Technology
- M.Sc in Medical Lab Technology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Biochemistry
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Microbiology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology-Pathology
- M.Sc. in Medical Laboratory Technology- Clinical Hematology
- M.Sc (Yoga Therapy)
- MBA in Healthcare Management
- Post Graduate Diploma in Medical Music Therapy

School of Medical and Allied Sciences
- Master of Pharmacy (Pharmaceutical Chemistry) Approved by Pharmacy Council of India
- Master of Pharmacy (Pharmaceutics) Approved by Pharmacy Council of India
- Master of Pharmacy (Pharmacology) Approved by Pharmacy Council of India
- MBA in Pharmaceutical Management

School of Media & Communication Studies
- M.A in Journalism and Mass Communication
- M.Sc. Cinema in association with GKFTII

School of Design
- M.Sc. In Fashion Design (In Association with GKFTII)
- M.Des. in Interaction Design
- M.Des. in Interior and Spatial Design
- M.Des. in Design Research & Insights

School of Education
- M.Ed (approved by National Council for Teacher Education)

School of Vocational Education
- MA Child Psychology (Internship/ Apprenticeship Embedded)

Diploma Programs

School of Allied Health Sciences
- Yoga Instructor Course (YIC)
- Diploma in Advanced Music Therapy

School of Medical & Allied Sciences
Department of Pharmacy
- Diploma in pharmacy (D.Pharm) (Approved by Pharmacy Council of India)

School of Polytechnic
Galgotias Polytechnic
- Diploma in Computer Science & Engineering
- Diploma in Computer Science & Engineering (Network Essentials)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Web Designing)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Cloud Computing & IT Infrastructure)
- Diploma in Computer Science & Engineering (AI & ML)
- Diploma in Computer Science & Engineering (Data Analytics)
- Diploma in Electric Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in Electric Engineering (Renewable Energy)
- Diploma in Electronics & Communication Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering (Electric Vehicle)
- Diploma in IC Manufacturing
- Diploma in Civil Engineering
- Diploma in Electrical Engineering

Certificate Programs

Department of Forensic Sciences
- Certificate course in Social Media Crimes
- Certificate course in Advanced crime scene management
- Certificate course in Forensic photography
- Certificate course in Graphology and personality profiling

School of Media & Communication Studies
All certificate courses are in association with India Today Media Institute
- Certificate Course in Art of Anchoring & Presentation
- Certificate Course in AI in Newsroom
- Certificate Course in Events Management
- Certificate Course in Data Journalism
- Certificate Course in Media Graphics and Visualization
- Certificate Course in Integrated Marketing Communication

School of Languages
- Certificate in Japanese
- Certificate in French

TOP RANKED
BY TIMES ALL INDIA ENGINEERING INSTITUTES RANKING SURVEY 2025

Ranked 13th Amongst All India Engineering Institutes
Ranked 11th Amongst Top Private Universities in India
Ranked 12th for providing Top Placements PAN India
Ranked 8th for Top Research Capability PAN India

The Edge That Sets Us Apart

Amongst #98 in India (Management Category)
#50 in India (Pharmacy Category)
By NIRF Ranking 2024
NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India
TOP 3 in India for filing MAXIMUM PATENTS
NAAC A+
Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence OBE Rankings 2024
NBA ACCREDITED for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA
School of Business AACSB Business Education Alliance Member

GALGOTIAS UNIVERSITY

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
FOR RESEARCH INNOVATION STARTUP AND ENTREPRENEURS
Government of UP Recognized Incubator

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000

#GetYourSelfPlaced

खबर संक्षेप

एचपीएससी अभ्यर्थियों ने हुड्डा को सौंपा ज्ञापन

चंडीगढ़। एचपीएससी हिस्ट्री का पेपर देने वाले अभ्यर्थियों के एक ग्रुप ने हुड्डा को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि एचपीएससी द्वारा करवाई गई असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के पेपर में गंभीर गड़बड़ियां उजागर हुई हैं। हिस्ट्री के साथ-साथ हिंदी, जूलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स जैसी भर्तियों के पेपरों में भी गंभीर गड़बड़ड़ियां सामने आई हैं। अभ्यार्थियों ने बाकायदा कमीशन को लिखित शिकायतें भेजी हैं और इन परीक्षाओं को रद्द करने की मांग उठाई है। बड़ी गड़बड़ी तो इन परीक्षाओं में यह हुई कि कई जगह सील टूटे हुए पेपर बांटे गए। पेपर की सील टूटने से पेपर लीक की आशंका जताई जा रही है।

करनाल, पानीपत समेत 4 जिलों में बनेंगे चिलिंग सेंटर

पंचकूला। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की आम बजट में की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि डेयरी फेडरेशन करनाल, पानीपत, पंचकूला व चरखी दादरी में जिला स्तर पर चिलिंग प्लांट स्थापित करेगा। वे मंगलवार को हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड के नवनियुक्त चेयरमैन आर अवतार गर्ग को पदभार ग्रहण करवाने सहकारिता भवन स्थित कार्यालय पहुंचे थे। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस बार 58 प्रतिशत अधिक बजट आबंटित किया गया है। इससे सहकारिता क्षेत्र के सभी निगम, फेडरेशनों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर मुख्यमंत्री ने की पत्रकार वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष देश के नव-निर्माण का स्वर्णिम युग : सैनी

- मुख्यमंत्री बोले- आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा
- मोदी सरकार ने देश को दिया विकास और विश्वास का मॉडल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर पंचकुला में पत्रकार वार्ता की। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कालखंड भारत के इतिहास में विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम युग बनकर उभरा है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को अपनाते हुए देश को एक नई दिशा दी है। आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है। ये 11 वर्ष केवल एक पड़ाव है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाना है। यह अमृत काल उस स्वर्णिम काल की नींव रखेगा, जहां भारत ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और समृद्धि का विश्व गुरु बनेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, पूर्व मंत्री कंवर पाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय उपस्थित रहे।

मिशन चंद्रयान से लेकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

नायब सैनी ने कहा कि आज हमारा देश न केवल मिसाइल बना रहा है, बल्कि सूर्य यान, चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशन सफलतापूर्वक पूरे कर रहा है। इन 11 सालों में भारत ने स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो भारतीय सैटेलाइट्स को जोड़कर इतिहास रचा है। इस उपलब्धि के साथ अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला भारत चौथा देश बन गया है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतारने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। आदित्य एल-1 सूर्य की कक्षा में स्थापित होकर सूर्य का अध्ययन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधान सेवक का पदभार संभाला, उस समय हमारी अर्थव्यवस्था पूरे संसार में 11वें स्थान पर थी, आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

कई ऐतिहासिक निर्णय

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिये। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 व धारा 35-ए को हटाया। हाल ही में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कश्मीर घाटी को दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल 'चिनाब ब्रिज' के माध्यम से पूरे देश से जोड़ा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर विकास का नया द्वार खोला गया है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा को समाप्त कर राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण करवाया।

किसान कल्याण प्रतिबद्धता

नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र के बजट को पांच गुना बढ़ाया है। 2013-14 में कृषि क्षेत्र का बजट 27,663 करोड़ रुपये था। इसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 1 लाख 37 हजार 757 करोड़ रुपये किया गया है। एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये की दर से 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

सैनी का कटाक्ष

विपक्ष केवल विरोध की राजनीति कर रहा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष का उद्देश्य सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना रह गया है। कांग्रेस नेता विकास योजनाओं को लेकर निराधार आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि विपक्ष के नेता स्वयं इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसका जिक्र करने से कतराते हैं। एनएच-152डी इसका एक बड़ा उदाहरण है, जिसकी प्रशंसा हरियाणा का प्रत्येक नागरिक कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता को सही जानकारी देनी चाहिए कि सरकार क्या कर रही है, लेकिन वे तो सड़कों के निर्माण, एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ने, किसानों को मुआवजा मिलने जैसे जनहित कार्यों का भी विरोध कर रहे हैं।

प्रदेशव्यापी विरोध के बाद डिप्टी सीएमओ प्रभु दयाल बहाल, दो माह तक रहे निलंबित

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में कन्या भ्रूण हत्या स्टिंग मामले में गत दो माह पहले निलंबित किए गए हिसार के डिप्टी सीएमओ को डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बहाल कर दिया गया है। दो माह पहले निलंबित किए गए डिप्टी सीएमओ पर कार्रवाई के विरोध में लगातार जिलों पानीपत, करनाल, अंबाला, पंचकूला में विरोध प्रदर्शन किए गए, साथ ही उन्हें निर्दोष बताते हुए तुरंत प्रभाव से बहाल करने की मांग की जा रही थी। इस बारे में हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल गत दिनों राज्य की सेहत मंत्री आरती राव और अतिरिक्त मुख्य सचिव से भी मिला था, इस दौरान उन पर हुई कार्रवाई को गलत बताया और जल्द से जल्द बहाल करने की गुहार लगाई गई थी। बता दें कि 9 अप्रैल 2025 को डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रभु दयाल को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की ओर से जारी लिखित आदेश में डिप्टी सीएमओ डाक्टर प्रभु को उनके निलंबन के कार्यकाल के दौरान भिवानी में तैनाती के आदेश दिए थे।

कन्या भ्रूण हत्या में शामिल होने का आरोप था

यहां पर बता दें कि पूरे मामले में एक निजी चैनल के कन्या भ्रूण हत्या पर किए स्टिंग ऑपरेशन मामले में संज्ञान लेते हुए हिसार के डिप्टी सिविल सर्जन व नोडल आफिसर (पीएनडीटी) डॉ. प्रभु दयाल को निलंबित किया गया था। डॉ. प्रभु दयाल हिसार गंगवा क्षेत्र के हैं। यहां से मंत्री रणबीर गंगवा राज्य की नायब सैनी सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं। डॉ. प्रभु दयाल पर आरोप था कि पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर का चार्ज संभालने के बावजूद वे कन्या भ्रूण हत्या मामले में संलिप्त हैं। जिसका सोशल मीडिया में वीडियो जारी किया गया था। तमाम सख्ती और कार्रवाई के बाद भी कन्या भ्रूण हत्या का नेटवर्क चल रहा था। एक निजी चैनल के स्टिंग के कारण डा. प्रभु पर गाज गिरी थी। स्टिंग में आरोप था कि पूरा सिंडिकेट काम करता है, साथ ही अस्पताल परिसर में दलाल लोगों को एजेंट तक पहुंचाने का काम करते हैं। स्टिंग में साफ हुआ था कि सिविल अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मी कड़ी का काम करती है।

हरियाणा मानव अधिकार आयोग का आदेश

स्कूलों के ऊपर से हाई टेंशन तार 2013 में हटनी थी, अब तक नहीं हटाई, 6 अगस्त तक दें रिपोर्ट

चंडीगढ़। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने स्कूल परिसरों के ऊपर से गुजरने वाली हाई टेंशन बिजली की तारों के खतरे को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन मानते हुए बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ऐसे हालात बच्चों के जीवन के सुरक्षित वातावरण के अधिकारों का उल्लंघन हैं। अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने पाया कि 2013 में उस समय के माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सभी सरकारी स्कूलों, पॉलिटेक्निक, सिविल अस्पतालों एवं पशु चिकित्सालयों के ऊपर से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइनें 15 जून 2013 तक हटाई जाएंगी और इस कार्य का खर्च विद्युत विभाग वहन करेगा। इसके बावजूद, आज तक यह कार्य अधूरा है। और स्थिति जस की तस बनी हुई है। अधिकार आयोग ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (पावर), प्रबंध निदेशक (डीएचबीवीएन, यूएचबीवीएन, एचवीपीएनएल), निदेशक माध्यमिक शिक्षा एवं महानिदेशक प्रारंभिक शिक्षा को निर्देश दिए हैं कि वे दो माह के भीतर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि अब तक क्या कार्रवाई हुई है और कब तक हाई टेंशन लाइनों को हटाया जाएगा। यह रिपोर्ट 6 अगस्त 2025 को होने वाली सुनवाई में प्रस्तुत की जानी है।

योगमय हरियाणा विधान सभा प्रांगण

मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ विधायकों और स्टाफ ने किया योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा का परिसर मंगलवार को योगमय दिखाई दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विधायकों और विधान सभा के अधिकारी कर्मचारियों ने योग किया। हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग की समर्पित टीम ने यह योग प्रोटोकॉल करवाया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी से 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया और सभी उपस्थित लोगों को भी नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरी दुनिया ने भारत की इस प्राचीन विद्या को अपनाया है। हम सबका दायित्व है कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

विवि में तनाव छात्रों का आरोप, सुरक्षा कर्मियों ने डंडों से किया हमला

एचएयू में स्टाइफंड के नए प्रोविजन का विरोध कर रहे छात्रों की सुरक्षा कर्मियों के साथ भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ विवि के सुरक्षाकर्मी बोले-छात्रों ने पथराव किया, जिससे हालत खराब हुए

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ धक्का मुक्की करने वाले सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मंगलवार रात्रि को सुरक्षा कर्मियों के साथ झड़प हो गई। इस दौरान कई छात्रों के चोट लगी। विश्वविद्यालय परिसर में भारी तनाव के बीच कुलपति आवास के बाहर पुलिस को तैनात किया गया है।

छात्रों का आरोप है कि इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें डंडे मारे। तीन चार विद्यार्थियों के सिर में चोट लगी। छात्रों पर हुए हमले के बाद प्रदर्शनकारी छात्र भड़क गए। उधर विवि के सुरक्षाकर्मियों का आरोप है कि छात्रों ने उन पर पथराव किया उसके बाद हालत खराब हुए। इससे पहले नए प्रोविजन के खिलाफ हकृवि के विद्यार्थियों ने मंगलवार दोपहर कुलपति कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। छात्र काफी देर तक नारेबाजी करते रहे और मांग की कि स्टाइफंड की पुरानी पद्धति बहाल की जाए। अपनी मांग के संबंध में छात्र काफी देर तक नारेबाजी करते रहे।

सुरक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कुलपति कार्यालय के बाहर धरना देने पर आपत्ति जताई और कहा कि कुलपति कार्यालय के बाहर मत बैठो। विद्यार्थी नहीं माने और वहीं पर बैठकर हकृवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। वहां मौजूद विद्यार्थी और सुरक्षा कर्मचारियों में बहस भी हुई।

हिसार। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारी व विवि के सुरक्षा कर्मचारी।

घायल छात्र

ये है स्टाइफंड का मामला : आंदोलनरत विद्यार्थियों ने बताया कि एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से क्रमशः छह तथा 10 हजार रुपये मासिक स्टाइफंड दिया जाता है। स्टाइफंड उन्हीं विद्यार्थियों को दिया जाता है जो कि परीक्षा में 75 फीसद अंक प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय के नए प्रोविजन के अनुसार विद्यार्थियों को अब 75 फीसद से अधिक अंक तो प्राप्त करने ही होंगे लेकिन स्टाइफंड 75 फीसद अंक प्राप्त करने वाले टॉपर 25 फ़ीसदी विद्यार्थियों को ही मिलेगा। उनका कहना है कि इससे अधिकतर बच्चे स्टाइफंड से वंचित हो जाएंगे, जो गरीब व जरूरमंद विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

अध्यापक पात्रता परीक्षा के आवेदन में ऑफलाइन दुरुस्त करवा सकते हैं त्रुटि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2024 के पंजीकरण उपरान्त अभ्यर्थियों को विवरणों में ऑनलाइन शुद्धि के लिए निशुल्क अवसर दिया गया था। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के हित के दृष्टिगत शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2024 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को विवरणों में शुद्धि का एक ओर अवसर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन द्वारा अपने नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल, फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे के निशान, लेवल, जाति, श्रेणी, विषय और परीक्षा स्थान व आधार नम्बर में संशोधन करवाया जा सकता है। वह 12 जून को सुबह 9 से 4 बजे तक बोर्ड कार्यालय के कमरा नंबर 28 में उपस्थित होकर शुद्धि शुल्क सहित ऑफलाइन माध्यम से आवेदन जमा करवा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त एचटेट परीक्षा 2024 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी यदि एचटेट का केवल अतिरिक्त लेवल अपने पंजीकरण में जोड़ना चाहते हैं तो ऐसे अभ्यर्थी 12 जून तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से फीस के अंतर को जमा करवाते हुए ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को शुद्धि से संबंधित यह अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इसके उपरान्त किसी भी प्रतिवेदन पर विचार नहीं होगा।

■ 12 जून को सुबह 9 से चार बजे तक बोर्ड ऑफिस के कमरा नंबर 28 में शुल्क जमा करवा सकेंगे

खबर संक्षेप

चोरों ने पूर्व एसीएस के घर की सेंधमारी

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-3 एरिया में चोरों ने हरियाणा के पूर्व एडिशनल चीफ सेक्रेटरी डॉ. जी प्रसन्ना कुमार के घर में सेंधमारी कर बाथरूम और किचन की महंगी टोटियां तक उखाड़ ले गए। यही नहीं चोरों ने पानी की पाइप, खिड़कियों के शीशे और दरवाजों के ताले तोडक़र भारी नुकसान पहुंचाया। शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में प्रदेश के पूर्व एडिशनल चीफ सेक्रेटरी डॉ. जी प्रसन्ना कुमार ने बताया कि रिटायरमेंट के बाद वे अब केरल के कोच्चि में सैटल हो गए हैं। डीएलएफ फेस 3 में स्थित उनके मकान की माली विनोद कुमार देखभाल करते हैं। सुबह के समय वह गार्डन में काम करने के लिए आया तो घर में पानी की पाइप और खिड़कियों के टूटे हुए शीशे देखकर उसने तुरंत सूचना दी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

फतेहाबाद में डेढ़ करोड़ का 1050 किलो चूरापोस्त बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

■ नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ने मिनी बाईपास व अंजलि कॉलोनी में छापेमारी कर पकड़ा नशा

फतेहाबाद। नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद पुलिस की टीम को बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने फतेहाबाद शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर रेड करके डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक कीमत का 1050 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। सोमवार रात से शुरू हुई रेड की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक जारी रही। इन मामलों में पुलिस ने तीन वाहनों को जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। हरियाणा एनसीबी फतेहाबाद यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सहायक उप निरिक्षक सूर्यकांत अपनी टीम के साथ शहर के मिनी बाईपास पर मौजूद थे। तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर नशीले पदार्थ को कट्टों में भर कर मिनी बाइपास होते हुए तस्करी के लिए जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मिनी बाईपास पर स्थित स्वामी नगर को जाने वाले रास्ते के पास नाकाबंदी कर एक युवक को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान धर्मपाल उर्फ महेन्द्र पुत्र राधे श्याम के रूप में हुई, जोकि हिसार जिले के गांव बुड़ाखेड़ा का रहने वाला है। आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक कट्टों से 90.125 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। इसकी मार्किट में कीमत 13 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। दूसरी ओर यूनिट इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के पॉश इलाके अंजली कॉलोनी में एक नशा तस्कर के घर पर दबिश दी। उसके घर के पास खाली प्लाट में दो कैंटर और एक पिकअप गाड़ी खड़ी थी। पुलिस ने जब इन गाडिय़ों की तलाशी ली तो तीनों वाहनों से 960.835 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। डोडा पोस्त 66 थैलों में भरकर रखा हुआ था।

अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह पर शक

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों के किसी अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह के सदस्य होने की भी संभावना है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में सक्रिय इस गिरोह का पता लगाया जाएगा। पहले मामले में जहां पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे मामले में आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। बताया जाता है कि अंजलि कालोनी में जिस घर में रेड की गई है, तस्कर ने वह मकान किराये पर लिया हुआ है।

सेवानिवृत्त जेल वार्डन से 7.32 लाख रुपये की ठगी

जींद। साइबर ठगों ने सेवानिवृत जेल वार्डन को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर सात लाख 32 हजार 429 रुपये की चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह जेल से सेवानिवृत वार्डन है। गत 21 मई को उसके व्हाट्सअप पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एचडीएफसी बैंक कर्मी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के लिए कहा। जो ब्याज फ्री होगी। जिसके चलते वह उसकी बातों में आ गया और जो कुछ उसने खाते से संबंधित जानकारी मांगी वह दे दी गई। जिसके बाद फोन में कोई मैसेज तथा कॉल भी आनी बंद हो गई। जबकि उसने न तो कोई ओटीपी शेयर किया और न ही उसने को कोई लिंक क्लिक किया। जिसके बाद वह बैंक में पहुंचा और कर्मियों से मिला। जिन्होंने ने बताया कि गत 21 तथा 22 मई को उसके खाते से सात लाख, 32 हजार,429 रुपये निकाले गए हैं। साइबर थाना पुलिस ने रामनिवास की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1400

मनकि पूजा देवी पत्नी अनिल पुत्र राजेन्द्र, निवासी मकान न0 230, पाना कालवान, गांव रोहद, जिला झज्जर, हरियाणा–124501 एवं बिस्वेदार गाँव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 4891 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 873मिन/736, खाता न0 892मिन, मु0 न0 25, किला न0 1/2(3–10), 10(7–8), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 18 मरले का 20/109 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला की मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 39/218 भाग, बकदर 1 कनाल 19 मरले (0.24375 एकड़), वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल मु0 न0 25, किला न0 1/2 मिन उत्तर पश्चिम (1–19), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 19 मरले (0.24375 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 10.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

ग्राम पंचायत ढ़ाणी खुशहाल
खण्ड बवानी खेड़ा (भिवानी)

बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढ़ाणी खुशहाल की कंडम इमारत वृद्ध आश्रम व एससी चौपाल की खुली बोली दिनांक 18.06.2025 को सुबह 11 बजे गांव की एससी चौपाल में करवाई जाएगी। बोलीदाता को 20,000/- रु. बतौर सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। सिक्योरिटी राशि सभी कंडम इमारतों के लिए अलग-अलग जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्तें मौके पर पढ़कर सुना दी जाएगी।

हस्ता/- कमलेश, सरपंच, ग्राम पंचायत ढ़ाणी खुशहाल, मो. 9996854732
हस्ता/- मनदीप, ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत ढ़ाणी खुशहाल, मो. 9643363509

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी–2024 और अन्य परीक्षाओं हेतु मैटल डिटेक्टर सहित तलाशी लेने के लिए।	10.06.2025 17.06.2025	41.30 लाख	http://www.bseh.org.in	9991415007 ascc@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35514/I/88/6 दि. 10.06.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक	एमडीयू रोहतक में विभिन्न विभागों से सिलिंग फैन्स, डेजर्ट कूलर मोटर की मरम्मत हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	09.06.2025 01.07.2025	9.22 लाख	https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in & etenders.hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35513/I/88/6 दि. 10.06.25

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	DNITNO.119731DATED 14.05.2025(EPC-D NO.128/PD &C)TENDERREFERENCENO. IS 2025147F751BF0554EFFA 523DE2CC8D28F7C824HVP	"ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि 16.06.2025 17:00 बजे तक, में विस्तार सहित शुद्धिपत्र–1 के खुलने की तिथि 09.06.2025 है।"	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35509/I/88/6 दि. 10.06.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचपीजीसीएल	250 एमडब्ल्यू यूनिट–8 पीटीपीएस पानीपत हेतु सीडब्ल्यू पम्प स्पेयर्स की आपूर्ति।	04.06.2025 02.07.2025	1.08 करोड़	www.hpgcl.org.in	1802566015 xenmtcpg1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35530/I/88/6 दि. 10.06.25

दो हजार के विवाद में केयर टेकर की हत्या, तीन गिरफ्तार

गुरुग्राम। फर्रुखनगर थाना एरिया में दो हजार रुपए के विवाद में केयर टेकर की गला घोंटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपियों की पहचान हिसार के रहने वाले राहुल उर्फ पपलु (20), सूरज (23) व मेरठ निवासी बिट्टु उर्फ कमांडो (31) के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, बीती 5 जून को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि फर्रुखनगर के श्री श्याम पीजी जाट कॉलोनी के रूम नंबर 4 पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया। जिसकी पहचान फर्रुखनगर के नरेंद्र उर्फ तोता (24) के रूप में हुई। 7 जून को मृतक नरेंद्र के भाई ने पुलिस को बताया कि नरेंद्र उर्फ तोता प्लंबर का काम करता था तथा पिछले 1 महीने से श्री श्याम पीजी जाट कॉलोनी फर्रुखनगर, गुरुग्राम में केयरटेकर की नौकरी कर रहा था। तीन जून को इसके भाई नरेंद्र का पैसों को लेकर आरोपियों से झगड़ा हुआ था।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

कंपनी कर्मी ने फंदा लगाया

गुरुग्राम। फर्रुखनगर एरिया में कंपनी कर्मी ने अपने रूम में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाने की तैयारी की है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में राधे श्याम ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले युवक को किराये पर कमरा दिया था।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Suman
Civil Judge, Junior Division
BABITA
Vs.
Uttar Haryana Bijali Vidut Nigam Ltd.
CS/479/2022
CNR No. HRJRA0-001034-2022
Next Date : 08.10.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
Satbir Singh S/o Arjun Singh S/o Maan Singh
:-
Kendu Wali Dhani Tehsil Hansi District Hissar.
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
Sd/- Civil Judge Junior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 06.06.2025

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Suman
Civil Judge Junior Division
PANKAJ KUMAR S/O KULDEEP SINGH
Vs.
General Public
CS/427/2024
CNR No. HRJRA0-000933-2024
Next Date : 23.07.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
:-
Haryana
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.07.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
Sd/- Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 06.06.2025

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Jasbir Singh Kundu
Additional District and Sessions Judge, Karnal
SOM DEVI
Vs.
General Public
CNR No. HRKR01-005964-2025
Next Date : 05.07.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
:-
Karnal
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.07.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal**
Sd/- Sh. Jasbir Singh Kundu
Additional District and Sessions Judge, Karnal
Dated, this day of 06.06.2025

शब्द पहेली - 5894



बाएँ से दाए
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 5893 का हल

	बि	ज	ली	घ	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	ला	रा			खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	व		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		य	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	



खबर संक्षेप

65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग एंकर समेत 2 गिरफ्तार

नोएडा। यहां के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने 65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक महिला समेत 2 को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान शाजिया निसार और आदर्श झा के रूप में हुई है। दोनों पर आरोप है एक निजी समाचार चैनल के अधिकारियों को धमकाकर और यौन उत्पीड़न केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम मांगी थी।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को मिली धमकी के बाद तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

वर्मा पर महाभियोग पर भड़के सिब्बल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि पिछले साल पूरी तरह से सांप्रदायिक टिप्पणी करने के बावजूद केंद्रइलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव को बचाने का प्रयास कर रही है। सिब्बल ने कहा पक्षपात की बू आती है जबकि जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में उन्होंने ऐसा नहीं किया।

ममता ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल

कोलकाता। बंगाल विधानसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सशस्त्र बलों की प्रशंसा वाले प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं। पीओके लेने का मौका था, लेकिन सरकार की विदेश नीति ठीक नहीं रही। वह प्रचार कर रही है।

व्यापार समाचार

शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थमी

मुंबई। मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बैंक और ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी महज 1.05 अंक की बढ़त के साथ 25,104.25 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ।

चांदी 1000 रुपये फिसली और सोना 110 रुपये टूटा

नई दिल्ली। आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 110 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये टूटकर 97,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। चांदी में सात दिनों की बढ़त पर विराम लगा। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,329.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

देशभर के अधिकतर मुख्यमंत्रियों ने पीएम मोदी की सराहना की

भारत ने यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को भी पीछे छोड़ दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी ने ही तीसरे कार्यकाल में शासन किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश को अमृत काल में ले जाने का सपना पूरा किया। आज देश राजनीतिक आर्थिक सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ सामरिक क्षेत्र में भी विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ने यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए पीएम मोदी के ये 11 साल स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। इस कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मंगलवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा, प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लव लोचन दास के साथ संवाददाता सम्मेलन कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

प्रधानमंत्री ने देश को अमृत काल में ले जाने का सपना पूरा किया

पीएम मोदी ने देश को पहचान दिलाई

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपा कर 140 करोड़ भारतीयों को एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। आजादी के 65 साल में कांग्रेस नेतृत्व व अन्य अस्थिर सरकार के प्रति आम जन का जो विश्वास खंडित हुआ था, पिछले 11 वर्षों में भष्टाचार से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को पूरा करने वाला नेतृत्व प्रदान कर भरोसा बढ़ाया है।

विश्वास का प्रतीक बना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व ने न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपा कर 140 करोड़ भारतीयों को एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।

वैश्विक मंच पर सम्मान मिला

जयपुर। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तन, प्रगति और गौरव के 11 साल। 2014 में हम 11वीं अर्थव्यवस्था थे। 5वीं बने और अब चौथे पायदान पर हम हैं। भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक और शक्तिशाली पहचान मिली। सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य के साढ़े 4 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई।

ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत को भी देखा

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत को भी देखा है। अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 से पहले होता था कि भारत शांति का पक्षधर है। हम विकास की बात करेंगे लेकिन कोई भारत पर युद्ध थोपेगा तो सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही जवाब होगा।

संविधान का सम्मान बढ़ा

सरमा ने कहा कि पीएन मोदी के नेतृत्व में संविधान को सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 1947 से 2014 तक भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था था। आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

भरोसेमंद साथी के रूप में उभरा देश

इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'नेशन फर्स्ट' का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, ऑपरेशन सिंदूर में मिसाइलों की गर्जना हुई, हमारे लोगों को वापस लाने के लिए उड़ानें भरी गईं और भारत ने न केवल अपने रक्षक के रूप में, बल्कि विश्व के भरोसेमंद साझेदार के रूप में भी आगे आया है।

विकास और चुनौतियों को किया काबू

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि पीएम मोदी ने गुजरात के समग्र विकास के लिए देश का पहला रेलवे और परिवहन विवि, गति शक्ति विवि भी उपहार में दिया है।

खरगे ने लिखा पीएम मोदी को पत्र, लोकसभा में उप-सभापति की नियुक्ति तत्काल करने की मांग

नई दिल्ली (ब्यूरो)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उप-सभापति (डिप्टी स्पीकर) के पद पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। खरगे ने अपने पत्र में इस पद के लंबे समय से खाली रहने पर चिंता जताई और इसे भारतीय संविधान के प्रावधानों और संसदीय परंपराओं का उल्लंघन बताया। उन्होंने इस मुद्दे को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हानिकारक करार देते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। खरगे ने अपने पत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला दिया, जिसमें लोकसभा के लिए सभापति (स्पीकर) और उप-सभापति (डिप्टी स्पीकर) के चुनाव का प्रावधान है। संवैधानिक रूप से उप सभापति, सभापति के बाद सदन का दूसरा सर्वोच्च पीठासीन अधिकारी होता है, जो सभापति की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। उन्होंने कहा कि उप सभापति का पद खाली रहना संविधान के नियमों का उल्लंघन है और यह संसद की प्रभावी कार्यवाही में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

जयंत छोड़ेंगे प्रदेश अध्यक्ष का पद, पवार आहत

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के स्थापना दिवस समारोह में शरद पवार का दर्द सभी के सामने आ गया। उन्होंने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि एनसीपी में दरार आ जाएगी। इस बीच एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने पद छोड़ने के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने नए चेहरों को कमान सौंपने की इच्छा जताई है। शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले बनी उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दूसरी विचारधाराओं के साथ हो लिए और यह विभाजन बढ़ गया। मैं आज इसके बारे में बात नहीं करना चाहता लेकिन जो लोग पार्टी के प्रति वफादार रहे, वे हमारी पार्टी की विचारधारा के कारण रहे।

टोंक में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

जयपुर (भाषा)। राजस्थान के टोंक जिले में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि तीन अन्य युवकों को बचा लिया गया और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने कच्चा बांध, पुराना बनास पुलिया के पास पहुंचे थे। कुछ युवक नदी में नहाने उतरे और गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन हादसे का शिकार हो गए। मृतकों की पहचान नौशाद (35), कासिम (26), रिजवान (26), नवाब खान (28), साजिद (20), नक्कू (30), बल्लू और फरहान के रूप में हुई है। वे जयपुर के हसनपुरा, घाट गेट, पानीपेच और रामगंज इलाके के निवासी थे। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचईडी) मंत्री कन्हैयालाल और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि टोंक जिला अस्पताल पहुंचे और इलाज करा रहे लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

- देश ने 9 जून, 2025 को शून्य पीक कमी के साथ 237 गीगावाट की रिकॉर्ड पीक बिजली मांग को किया पूरा

दिल्ली (ब्यूरो)। केंद्रीय ऊर्जा, शहरी विकास मंत्री मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर उपलब्धियां गिनाते हुए विकसित भारत विजन में पावर सेक्टर को सबसे अहम बताया। नई दिल्ली में स्थित इंटरनेशनल मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी को हर समय बिजली उपलब्ध कराना है और सरकार का लक्ष्य पूरे देश में 100 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचाना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सभी बिजली मांगों को पूरा करने में सक्षम बन गया है और बिजली सरप्लस वाले देश की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश में 9 जून को 22.46 बजे 237 गीगावाट की रिकॉर्ड पीक बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उपलब्धि देश के मजबूत बिजली बुनियादी ढांचे को रेखांकित करती है, जिसमें शून्य पीक कमी दर्ज की गई है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने घोषणा कि ऊर्जा सुरक्षा और नवीकरणीय एकीकरण के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास करते हुए, विद्युत मंत्रालय ने पहले से चल रही 13.2 गीगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के अतिरिक्त 30 गीगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना को मंजूरी दी है। 5,400 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 2028 तक देश की बीईएसएस आवश्यकता को पूरा करते हुए 33,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भंडारण परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) शुल्क की छूट 30 जून, 2028 तक बढ़ा दी गई है, जिससे इस तिथि से पहले आवंटित पंप स्टोरेज परियोजनाओं और चालू की गई बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को लाभ मिलेगा।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

डी.डी न. 133 दिनांक 09.06.25 धारा 194 BNSS थाना कलानौर जिला रोहतक ।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे

नाम - नामपता नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता- नामालूम ।
उम्र लगभग 45-50 वर्ष
कद- 5 फुट 7 इंच ।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा सफेद रंग की टी-शर्ट, लाल रंग का अंडरवियर व काले रंग की पैंट पहने हुए है।



दिनांक 09.06.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश 152-डी हाईवे पर मिली है। जिसकी मौत नामालूम कारणों से होनी बयान हुई है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना कलनौर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9466308573

पीआरडीएच-1084/11/3495/2026/35532/88/6 दि. 10.06.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	वार्ड 1 एम.सी. सोनीपत में पुराना जलघर के निकट रिषी कॉलोनी में थिमेटिक पार्क के विकास हेतु आकलन।	बंद होने की तिथि 02.07.2025	9.97 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xenforotmcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/35515/1/88/6 दि. 10.06.25

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 150 दिनांक 07/06/2025. धारा 127 (6) बी. एन. एस सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत

गुमशुदा की पहचान

नाम-दिव्या ।
पिता का नाम- कैलाश।
पता -मसद मोहल्ला सोनीपत ।
उम्र 22 वर्ष
कद-5 फुट 3 ईन्च ।
हुलियाः रंग संवला, गोल चेहरा, स्वस्थ शरीर, काले बाल, काली आँखें।
पहनावाः- हरे रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 05-06-2025 दिव्या पुत्र कैलाश वासी मसद मोहल्ला सोनीपत हरियाणा जो कि बिना किसी को बताए कही पर चली गई हैं जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना 7419410533
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8930893048
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3492/2026/35522/88/6 दि. 10.06.25

एफ. सं.: 7-1/2025 यू1 ए
भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्च शिक्षा विभाग

उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नामांकन के लिए आमंत्रण

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए उपाध्यक्ष के चयन के लिए नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है, जिसे विश्वविद्यालय शिक्षा में मानकों के निर्धारण, समन्वय और रख-रखाव का कार्य सौंपा गया है। यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 5 के प्रावधानों के तहत, उपाध्यक्ष की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

शिक्षाविदों, शासन और व्यावसायिक प्रबंधन में पर्याप्त अनुभव रखने वाले प्रख्यात व्यक्तियों को पद की प्रतिष्ठा के अनुरूप साथियों द्वारा नामित किया जा सकता है। नामांकित व्यक्तियों की आयु अधिमानतः 62 वर्ष से कम होनी चाहिये। कोई भी स्व-नामांकन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 6 की उप-धारा (1) के खंड (बी) में प्रावधान है कि उपाध्यक्ष तीन वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारण करेंगे। उपाध्यक्ष, आयोग के सदस्य होने के अलावा, अध्यक्ष की अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे।

नामांकित व्यक्ति के जीवन-वृत्त के साथ नामांकनों को 10 जुलाई, 2025 तक या उससे पहले निदेशक (यूजीसी), शिक्षा मंत्रालय की ई-मेल आईडीः **ulasection-moe@gov.in** पर ई-मेल किया जा सकता है। जीवन-वृत्त की हार्ड प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। खोज एवं चयन समिति नामांकनों की सूची से बाहर के श्रेष्ठ व्यक्तियों पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। समिति द्वारा विकसित प्रक्रिया के अनुसार, नामितों को सम्मत मानकों के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा और चुने गये नामांकित व्यक्तियों को समिति के साथ बातचीत के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

CBC-21205/12/0001/2526

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प अम्बाला	कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला कैंट निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा अम्बाला कैंट के तहत 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 63 और 12552)।	06.06.2025 12.06.2025	33.34 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प हिसार	सिरसा में स्पीच एवं श्रवण बाधिता वाले व्यक्तियों के लिए आर.के.जे. कल्याण केन्द्र में सोलर पावर प्लांट (ग्रिड पर) का प्रावधान।	09.06.2025 16.06.2025	8.64 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र	थानेसर निर्वाचन क्षेत्र के कार्य कार्यक्रम एमडीआर के तहत कुरूक्षेत्र ढांड रोड से (कि.मी. 0.00 से 15.00) (एमडीआर-119) रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 8036)।	05.06.2025 26.06.2025	556.70 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1744239442 pwd-eepd1-kurukshetra@hry.nic.in
4	पंचायती राज रोहतक	गांव बहुअकबरपुर खण्ड रोहतक में धाएलावाला चौक से मोखरा रोड शमशान घाट तक आईपीबी गली का अपग्रेडेशन और रिपेवमेंट (वीएएनजीवाई) + 4 कार्य।	06.06.2025 19.06.2025	24.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com
5	पंचायती राज हिसार	राजली, बरवाला, जांगड़ा चौपाल का निर्माण (एमपी) + 3 कार्य।	09.06.2025 16.06.2025	31.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
6	पंचायती राज कुरूक्षेत्र	बाखली कलां 55.50 - ब्लॉक पेहोवा, जिला कुरूक्षेत्र में एसएचसी का निर्माण + 3 कार्य।	06.06.2025 23.06.2025	164.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
7	पंचायती राज रोहतक	एमपी - गांव भैणी मातो में शिव मंदिर के निकट धर्मशाला में हॉल, शौचालय का निर्माण और आईपीबी बिछाना।	06.06.2025 12.06.2025	9.23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in
8	जिला परिषद सोनीपत	गांव शेखपुरा ब्लॉक गन्नौर, डिवीजन सोनीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य।	05.06.2025 12.06.2025	112.78 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com
9	सिविल सर्जन, फतेहाबाद	दंत मदें, उपकरण / इंस्ट्रूमेंट और छोटे उपकरण इत्यादि।	12.06.2025 28.06.2025	ईएमडी 1 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996913229 cds.ftb1@gmail.com
10	सिविल सर्जन, रेवाड़ी	सिविल हॉस्पीटल रेवाड़ी के एचवीएसी सिस्टम के ऑपरेशनल सीएमसी हेतु निविदा सूचना।	13.06.2025 20.06.2025	ईएमडी 85,000/-	https://etenders.hry.nic.in	9813813469 dhs.csrwr@hry.nic.in
11	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा	मामेर खेड़ा :- गांव मामेर खेड़ा में वितरण पाइप लाइन को बदलना, स्लूइस वॉल्व हौदियों का निर्माण, टैप कनेक्शन को बहाल करना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।	06.06.2025 20.06.2025	88.40 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in
13	कृषि एवं किसान कल्याण, हरियाणा, पंचकूला	बुंगा डैम की रिमॉडलिंग।	09.06.2025 30.06.2025	ईएमडी 2 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466026713 ascopanchkula21@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/35534/I/88/6 दि. 10.06.25

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रोहतक।
वाहन किराये पर लेने हेतु कोटेशन सूचना (वर्ष 2025-026)

महिला एंव बाल विकास विभाग हरियाणा के अन्तर्गत डी०पी०ओ० व डब्ल्यू० सी०डी०पी०ओ० सांपला व कलानौर परियोजना के विभागीय कार्य सूचारू रूप से चलाने हेतु वाहन अधिकतम 2000 किलोमीटर मासिक अनुबन्ध आधार पर लेने लिए इच्छुक वाहन धारकों से निम्न प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं अतः वाहन धारकों से अनुरोध है कि परियोजना अनुसार कुटेशन मासिक आधार पर अधिकतम 2000 किलोमीटर पूर्ण विवरण सहित निम्न प्रोफार्मा में भर कर व बतौर सिक्योरिटी / टैण्डर राशि मु० 10000/- रूपये (दस हजार रूपये) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहतक महिला एवं बाल विकास के नाम के बनवा कर सील्ड लिफाफा दिनांक 20-08-2025 को सायः 5.00 बजे तक डी०पी०ओ० कार्यलय रोहतक जिला विकास भवन रोहतक में प्रोफार्मा में भरकर जमा करवाएं। नकद राशि व चैक स्वीकार्य नहीं होगा। इसके बाद कोटेशन निविदा नहीं ली जाएगी / स्वीकार नहीं होगी। आपको यहा यह भी अवगत करवाया जाता है कि यदि आवेदन के साथ सिक्योरिटी बतौर पर 10,000/-रु के डिमाण्ड ड्राफ्ट नही लगाया मिला तो उसका आवेदन स्वीकार नहीं होगा। किराया 37500/- रूपये प्रति माह है लेकिन न्यूनतम रेट पर ही वाहन किराये पर लिया जाएगा।

निविदा माननीय अतिरिक्त उपायुक्त महोदय के कार्यालय में दिनांक 23-06-2025 को 12 बजे खोली जाएगी

प्रोफार्मा

क्रं. सं.	कार्यालय का नाम	वाहन मालिक का नाम	चालक का नाम व मो.	वाहन का नाम	वाहन नं.	माडल	डिमाण्ड ड्रा नं.

अनुबन्ध की शर्तें निम्न प्रकार से हैं

1. वाहन ठीक हालत व ज्यादा पुराना मॉडल नहीं होना चाहिए ।
2. वाहन का आर० सी०/ बीमा व प्रदुषण प्रमाण पत्र आदि कागजात पूर्ण हों।
3. परियोजना में जब भी अधिकारी का पद रिक्त होगा तो किराये का वाहन सरेन्डर कर दिया जाएगा।
4. वाहन की देखरेख / मुरमत / दुर्घटना आदि की जिम्मेवारी वाहन मालिक की होगी।
5. यदि किसी कारण वश वह वाहन उपलब्ध नहीं है तो उसके स्थान पर तुरन्त दूसरे वाहन भेजने की जिम्मेवारी वाहन मालिक की होगी।
6. वाहन चालक के पास वाहन चलाने का पर्याप्त अनुभव व नामदर्ज अनुसार लाईसेन्स होना अनिवार्य है।
7. राजपत्रिक अवकाश, शनिवार व रविवार को भी आवश्यकता अनुसार वाहन उपलब्ध करवाना होगा।
8. सम्बंधित कार्यालय द्वारा माह पूर्ण होने पश्चात ई०पी०एस० के माध्यम से व बजट आने पर ही किराए की अदायगी की जाएगी।
9. यदि वाहन मालिक समय पर वाहन नहीं देता, शर्तें पूर्ण नहीं करता है व समय से पहले हटाता है तो सिक्योरिटी जब्त कर ली जाएगी। व अनुबंध बिना कोई कारण बतावे रदद् किया जा सकता है।
10. वाहन की जिस खण्ड के लिए स्वीकृति दी जावेगी वाहन उस खण्ड के अतिरिक्त कार्यालय कार्य के लिए जिले से बाहर भी भेजा जा सकता है।
11. यदि कार्यालय अधिकारी लम्बी छुटटी पर जाता है तो उस दौरान गाडी के किराये की अदायगी नहीं की जाएगी।
12. वाहन मालिक कोटेशन के माध्यम से जिस गाड़ी के दस्तावेज जमा करवाएगा वही गाड़ी कार्वलय में देनी होगी।
13. अनुबन्ध की शर्त कमेटी अध्यक्ष द्वारा घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

नोटः- अनुबन्ध हेतु प्रोफार्मा डी०पी०ओ० कार्यालय कमरा न० 4 से प्राप्त करके आवेदन करें। व किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इस कार्यालय के दूरभाष न० 01262247135 पर किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास,
रोहतक।

पीआरडीएच 1128/11/522/2026/35517/88/6 दि. 10.06.2025

चिंतन

जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने की जरूरत

गरीबी कम करने के साथ भारत ने जनसंख्या को नियंत्रित करने में भी शानदार प्रगति की है। भारत में प्रजनन दर में काफी कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। अभी सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है और भारत दूसरे नंबर पर है। दोनों मुल्कों की जनसंख्या में मामूली अंतर है। कुछ समय पहले ऐसी खबर भी थी कि भारत चीन को पछाड़ कर सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है, हालांकि इसकी केंद्र सरकार ने पुष्टि नहीं की थी। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। जनसंख्या में पीढ़ीगत वृद्धि के लिहाज से प्रतिस्थापन दर से प्रजनन दर का कम होना सुखद भी है व चिंताजनक स्थिति भी है। रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है। इसका अर्थ यह है कि औसतन भारतीय महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक (प्रतिस्थापन दर) जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। प्रजनन दर में कमी आने से सरकार को जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है, लेकिन पीढ़ीगत आबादी की दर को भी बनाए रखने की जरूरत है और यह जरूरत प्रजनन क्षमता सुधरने से पूरी होगी। रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में महत्वपूर्ण बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। जन्म दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 आयु वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी आयु (15-64) वाली है, जो पर्याप्त रोजगार और नीतिगत समर्थन के साथ संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है। रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में अब 79 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। भारत ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए करीब पांच दशक से लगातार कार्यक्रम का संचालन किया है, इसमें जागरूकता से लेकर बेहतर स्वास्थ्य तक के कार्यक्रम शामिल हैं, लेकिन जन्म दर प्रतिस्थापन दर के करीब रहे तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की जनसंख्या का आकार बनाए रखना सरल होता है। इस असंतुलन को ठीक करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के आंकड़े का इस्तेमाल सरकार को अपनी जनसांख्यिकीय स्थिति में सुधार के लिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने में करना चाहिए। भारत सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है तो यह स्तर सदा बने रहना चाहिए। चीन, जापान समेत अनेक पश्चिमी देश युवा आबादी स्तर बनाए रखने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में भारत बेहतर कर सकता है।

जयंती

अखिलेश आर्येन्दु

कबीर के सपनों का समाज बनाएं हम

संत कबीर सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। कबीर आज भी समाज विज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की।

संत कबीर गृहस्थ जीवन गुजारते हुए भी समाज, धर्म, अध्यात्म और लोकधर्म के शोधन के कार्य में लगे रहे। वे समाजशोधक, साधक और सत्य के आराधक थे। सारा जीवन सद्गुणों से परिपूर्ण था। ऐसे साधु थे जिनके रोम-रोम में ईश्वरीय प्रकाश भरा हुआ था। वे उन सभी लोगों के समालोचक थे जिनकी कथनी-करनी में एकरूपता नहीं थी। पाखंड, अंधविश्वास, दोषपूर्ण सामाजिक परंपराओं, छल, छद्म और फरेब करने वालों का निडर होकर खिलाफत करते थे। किसी भी स्तर पर वे समझौतावादी नहीं थे। इसलिए वर्ग, जाति, मजहब, पंथ और सम्प्रदाय में उनकी रुचि नहीं थी। उनका जन्म चाहे जैसी परिस्थितियों में हुआ हो, जीवन-यात्रा परोपकार, समाज सुधार और सत्य के अन्वेषण में गुजरा। संघर्ष, तप, तितीक्षा और मानव जीवन के आदर्श उनकी जिंदगी के अहम व सहज हिस्से थे। गृहस्थ होते हुए भी वैरागी, तपस्वी और त्यागी थे। मानवीय सद्गुणों से भरा उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरक था। जीवमात्र पर दया, करुणा, प्रेम, अहिंसा और स्नेह की वर्षा उनके जीवन के आदर्श थे।

वे सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न कभी बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। उनका धर्म मानवता का धर्म था जिसमें मौलिकता, नवीनता, नेह और न्याय शामिल थे। उन्होंने जो कुछ कहा सत्य, प्रेम, न्याय की स्थापना, जन मन सुधार और सर्वहित के नजरिए से कहा। इसलिए किसी से उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। वे व्यक्ति की धन-सम्पत्ति की जगह, मानव मूल्यों की अहमियत से व्यक्ति को तौलते थे। वे ऐसे मूल्यवादी विचारक, सुधारवादी कवि और क्रांतिकारी समाजविज्ञानी थे, जिनकी कविताएं आज भी व्यक्ति, परिवार, समाज और हर सम्प्रदाय को सोचने पर मजबूर किया करती हैं।

वे मन की आंखों से देखते थे और दिल की जुबान से कहते थे। हर व्यक्ति में मानव मूल्यों का आधान (पिरोकर) देखना चाहते थे। पश्चिमी जगत के प्रसिद्ध विद्वान एवलिन अंडरहिल ने कबीर को महान समाज सुधारक, कवि और पंथ संस्थापक के रूप में चित्रित किया है। इसी प्रकार फ्रांसीसी विचारक गार्सा द तासी ने कबीर को एक प्रखर समाज सुधारक और कवि के रूप में चित्रित किया है। हिंदी के महान नाटककार डॉ. राम कुमार वर्मा ने संत कबीर को एक क्रान्तिदर्शी महाकवि और महामानव के रूप में माना है।

राम साहित्य के मूर्धन्य विद्वान अध्येता, फादर कामिल बुल्के ने कबीर के कृतित्व की विवेचना करते हुए लिखा है- 'ज्ञान, विज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के प्रति कबीर का दृष्टिकोण नकारात्मक था, लेकिन हिंदी के महान साहित्यकार डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को भक्तिकाल का शिरोमणि कवि ही नहीं महान जीवनधर्मी कर्मयोद्धा माना है। कबीर समाज से द्वैतभाव को हमेशा के



लिए मिटाना चाहते हैं। बिना द्वैत भाव मिटे न तो सांसारिक सच्चा सुख हासिल होता है और न आलौकिक सुख ही। इस पद में उनके द्वैतभाव मिटने का कितना मार्मिक चित्रण दिखाई पड़ता है--

हमन है इश्क मश्ताना हमन का होशियारी क्या।
रहें आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या।

संत का स्वभाव हमेशा विनम्र, शांतिप्रिय और सब के प्रति स्नेह रखने वाला और सबको सुख देने वाला होता है। सज्जनता संत के स्वभाव का हिस्सा होता है। संत कबीर का स्वभाव इसी तरह का था। यही वजह है कि उनकी कविताएं मर्म को संवेदित करती हैं। संत कबीर पलायनवादी नहीं हैं। उन्होंने गृहस्थाश्रम को पूर्ण प्रतिष्ठा दी। उन्होंने समाज और परिवार दोनों की समस्याओं को दूर करने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। परिवार में रहकर ईश्वर के प्रति श्रद्धा रख और भक्ति करके भी मुक्ति हासिल करने में वे यकीन करते थे। यहां तक कि अपना कार्य ईमानदारी से और एक घंटे ईश अराधना को भी पर्याप्त समझते थे। एक सच्चा संत अपने कार्यों से समाज को कितना सुखी और शांतिप्रिय बना सकता है, यह कबीर के जीवन में देखा जा सकता है। भक्तिकालीन संत कवियों में कबीर जैसा आदर्श और यथार्थवादी महामानव नहीं दिखाई देता है। इसी तरह धर्म और अध्यात्म संबंधी अंधविश्वासों, रूढ़ियों, पाखंडों और कुरीतियों को दूर करने में उनके जैसा क्रांतिकारी सामाजिक दूत दूसरा नहीं दिखता है। वे इंसानी सच्चे धर्म का पाठ पढ़ाने वाले सच्चे सद्गुरू हैं। धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का आडम्बर और कर्मकांड भी उन्हें स्वीकार्य नहीं था। सत्य, अहिंसा, प्रेम, न्याय, करुणा, दया, सहिष्णुता और सुचिता जैसे अनेक मूल्यों को जीवन में उतारना ही वह धर्म का पालन करना मानते थे। वह कहते हैं-

शीतलता सब जाणिये, समिता रहे समाइ।
पथ छाँड़ै निरपथ रहै, सबद न देख्या जाय।।

लोक और वेद दोनों की बात कबीर को मान्य है। भले ही वह वेद नहीं पढ़े थे लेकिन उन्हें वेद की बुराई बर्दाश्त नहीं थी। वे कहते हैं कि वेद बुरे नहीं हैं बल्कि जो वेद को बुरा कहते हैं वे बुरे हैं। कबीर मन से सच्चे थे। कर्म से सच्चे थे। वाणी से सच्चे थे। ऐसा व्यक्ति भला असत्य या पाखण्ड को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। इसलिए उन्होंने समाज और धर्म से जुड़ी हर चीज को बहुत ही गहराई से समझा और जहां भी गदंगी देखी, उसे बगैर किसी हिचक के बता दिया। कहते हैं-बेहतर समाज बनाना चाहते हो तो पहले प्रेम-रूपी अमृत का प्याला का पान करो। सत्य का रास्ता पकड़ो और लोगों के दुख को बांटो। कबीर कहते हैं जीवन को माया के चक्करों में यूं ही बर्बाद कर दिया तो तुम्हारा जन्म लेना बेकार हो जाएगा। और एक दिन यमराज के दूत आएंगे और तुम्हें उठा ले जाएंगे। इसलिए समय रहते हुए यमराज-रूपी ठग से बचने के लिए सत्य के रास्ते से अपने कार्य करते जाओ, ईश्वर की कृपा सदैव हासिल होती जाएगी। यमराज से बचने का एक ही रास्ता है, वह है प्रभु की शरण में बिना देर किये चले जाओ।। उस अविनाशी परमब्रह्म की शरण में रहोगे तो यमराज वहां से तुम्हें नहीं उठा पाएंगे। क्योंकि यमराज भी उसी ईश्वर के आधीन हैं। आज भी कबीर के ये उपदेश उपयोगी, प्रासंगिक और सर्वहितकारी हैं। कबीर छह सौ वर्षों के बाद भी मानवता के मार्गदर्शक इसलिए बने हुए हैं कि उनके उपदेश, विचार और कार्य समाज को रोशन करने में कामयाब हैं। इसलिए आज भी वे भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में जहां भी हिंदी साहित्य और भाषा का प्रवाह है, कबीर वहां अपनी बेबाक सपाटबयानी के साथ मौजूद हैं। कबीर आज भी पूरी तरह प्रासंगिक और समाजविज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कि हम कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की कोशिश करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

डा. वेदपाल सिंह

संत कबीर के विचार में सामाजिक क्रांति के सूत्र

भक्ति-कालीन महान संत, महाकवि, सामाजिक क्रान्ति के पुरोधा, दार्शनिक व युगद्रष्टा कबीर साहब के जन्म को लेकर हालांकि विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हैं। कबीरदास के प्रधान शिष्य धर्मदास ने कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1455 को माना है, जबकि डॉ. श्यामसुन्दर दास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा पारशनाथ के अनुसार कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1456 ज्येष्ट शुक्ल पूर्णिमा को माना है। कांशी के पास स्थित लहरतारा तालाब को उनका जन्म स्थान माना गया है। नीरू और नीमा नामक जुलाहे दम्पति ने कबीरदास का पालन-पोषण किया। कबीरदास की पत्नी का नाम लोई था और कबीरदास के दो बच्चे थे, एक पुत्र और एक पुत्री जिनका नाम कमाल और कमाली था! हालांकि कबीर साहेब जातिवाद के खिलाफ थे लेकिन फिर भी उन्होंने खुद को जुलाहे के रूप में पेश किया। वे एक जगह कहते हैं - जाति जुलाहा नाम कबीरा बनि बनि फिरो उदासी! जिस समय कबीर साहेब का जन्म हुआ, तब देश में सिद्धों और योगियों आदि द्वारा प्रचलित अंधविश्वास फैल रहे थे। संपन्न वर्ग में भी रूढ़ियों और आडंबर की प्रधानता हो चली थी। ऐसे समय में भक्ति आंदोलन के रूप में ऐसा भारतव्यापी विशाल सांस्कृतिक आंदोलन उठा जिसने समाज में उत्कर्ष सामाजिक और वैयक्तिक मूल्यों की प्रतिष्ठा स्थापित की। कबीर साहेब ने स्वामी रामानन्द को अपना गुरु माना। कबीर दास की रचनाओं में सरल भाषा का प्रयोग किया गया है। इन्हें पंचमेल खिचड़ी अथवा सधुक्कड़ी भाषा कहा गया है। उनकी रचनाएं सिक्खों के आदि ग्रंथ में सम्मिलित की गयी हैं। 'श्री गुरु-ग्रंथ साहिब' में संत कबीर के 226 दोहे शामिल हैं। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे, इसलिए उनके दोहों को उनके शिष्यों द्वारा ही लिखा या संग्रहित किया गया था। वे स्वयं कहते हैं 'मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहिं हाथ'। कबीरदास दास जीवन में गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहते हैं कि सद्गुरू की कृपा बिना परमात्मा का दर्शन होना बहुत कठिन है। गुरु के बिना मानव को ज्ञान की प्राप्त नहीं हो सकती लेकिन उन्होंने पाखण्डी बाबाओं और गुरुओं से भी सावधान होने रहने की शिक्षा देते हुए कहा है कि जिसका गुरु अंधा अर्थात ज्ञानहीन है, जिसकी अपनी कोई चिंतन दृष्टि नहीं है! ऐसे गुरु का अनुयायी तो निपट दृष्टिहीन होता है। उसमें अच्छे बुरे, हित-अहित को समझने की शक्ति नहीं होती। इस तरह अंधे गुरु के द्वारा ठेला जाता हुआ शिष्य आगे नहीं बढ़ पाता।

कबीर हिन्दुओं को कहते हैं कि किसी भी देवी-देवता की आप पत्थर की मूर्ति बनाकर पूजा करते हैं जो कि शास्त्र विरुद्ध साधना है। यह हमें कुछ नहीं दे सकती। इनकी पूजा से अच्छा चक्की की पूजा कर लो जिससे हमें खाने के लिए आटा तो मिलता है । पत्थर पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार। तातें तो चक्की भली, पीस खाये संसार। ठीक इसी प्रकार उन्होंने मुसलमानों द्वारा जोर जोर से अजान देने पर कहा कि- कांकर-पाथर जोरि के मस्जिद लई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बांग दे का बहरा भया खुदाय। तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों ने उन्हें महान कवि बनाया। एक तरफ तो कबीर का स्वर विद्रोही है तो दूसरी ओर ब्रात्म के प्रति उनका अनन्य समर्पण है। कबीरदास को समाज के प्रति गहरी चिंता थी और इस चिंता से मुक्त होने के लिए वे समाज की विसंगतियों का पर्दाफाश किया। उन्होंने समाज में फैले जातिवाद का कड़ा विरोध किया। वे कहते हैं कि - जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान! दुनिया के महान संत, महान कवि ने संवत 1575 विक्रमी (सन 1518 ई.) को काशी के निकट मगहर में अपने प्राण त्याग दिए। ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर भी विवाद उत्पन्न हो गया था।

हिंदू कहते हैं कि उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। इसी विवाद के चलते जब उनके शव से चादर हट गई तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा और बाद में वहां से आधे फूल हिंदुओं ने उठाए और आधे फूल मुसलमानों ने। महान कवि कबीरदास ने अपने जीवन में किसी तरह की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, कल्पना शक्ति और अध्यात्म कल्पना शक्ति के बल पर पूरी दुनिया को वो ज्ञान दिया, जिसे अमल कर आज भी मानव अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकता है। आज भी उनकी शिक्षाओं का हमारे जीवन में उतना ही महत्व है जितना कि उनके समय में था। हम उनके दिखाये मार्ग पर चलकर और उनकी दी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें, यही उनके प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति होगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू

संकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी और धैर्य के साथ करें

संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

अंतर्मन

आज की पाती

ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला करे भारत

दुनिया के सभी देश व्यापार के लिए एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में थोड़े बहुत निर्भर जरूर हैं। इसलिए अगर कोई भी देश खास तौर पर अमरीका जैसे व्यापार का गढ़ माने जाने वाले देश कोई आयात-निर्यात के लिए फैसला लेते हैं, तो इससे दुनिया के सभी देशों पर थोड़ा बहुत असर जरूर पड़ता है। हाल ही में अमरीका की ट्रंप सरकार ने जो टैरिफ लगाने का मन बनाया, उसने दुनिया भर को इससे प्रभावित होने का भय पैदा किया है, लेकिन इससे हमारे देश को उतना नुकसान नहीं होगा, जितना उन देशों को होगा जो पूरी तरह अमरीका पर व्यापार के लिए निर्भर हैं। अमरीका ने हमारे देश पर मात्र 26 फीसदी टैक्स, जबकि दूसरे देशों पर इससे ज्यादा शुल्क लगाया है। दवाइयों पर शुल्क कम रखा है, भारत को इसका फायदा उठाना चाहिए। ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला हो।

-लखन वर्मा, धमतरी

ट्रेंड

प्रार्थना का सौभाग्य मिला

तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर हमारी आध्यात्मिकता का एक प्रतिष्ठित केंद्र है और हमारी पारंपरिक वास्तुकला की भव्यता का प्रतीक है। सभी के लिए माँ की कृपा की कामना करते हुए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

कड़ी मेहनत व इरादा जरूरी

किसी राज्य का नेतृत्व करने के लिए आपको कड़ी मेहनत और इरादे की ज़रूरत होती है, ज़रूरी नहीं कि अनुभव की। एक छोटे से गांव की मिट्टी से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक, मेरी यात्रा लोगों के विश्वास और संघर्षों से आकार लेती है, जिन्हें मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

राष्ट्रीय सुरक्षा

भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने और सीमा सुरक्षा को बढ़ाने तक, पिछले 11 वर्षों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित किया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

भाजपा आत्म-मंथन करे

भाजपा आत्म-मंथन करे और साथ ही उनके समर्थक भी कि जो लोग किसी की मृत्यु के लिए झूठ बोल सकते हैं, वो झूठ के किस पाताल-पर्वत पर चढ़कर अपने को, अपने मिथ्या-साम्राज्य का मुखिया मान रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद

करंट अफेयर

हार्वर्ड में अनिश्चितताओं से जूझ रहे भारतीय छात्र



हार्वर्ड में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का कहना है कि वे ट्रंप प्रशासन की विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार लड़ाई के बीच अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजर रहे हैं। साथ ही नौकरी के अवसरों की कमी को लेकर भी फिक्रमंद हैं।हार्वड केनेडी स्कूल से पिछले महीने स्नातक हुए एक भारतीय छात्र ने नाम जाहिर नहीं होने की गुजारिश पर कहा, "यह ऐसा समय है जब हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, क्या हमें घर लौट जाना चाहिए, या फिर यहीं कुछ उपाय निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हार्वर्ड में कुछ भारतीय छात्रों ने नाम नहीं जाहिर करने के आग्रह पर 'पीटीआई' से बात करते हुए पिछले कुछ महीनों के अपने अनुभवों और चिंताओं को साझा किया, जिस दौरान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को ट्रंप प्रशासन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन की कार्रवाई में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर रोक लगाना, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की पात्रता को रद्द करना तथा हार्वर्ड में अध्ययन या आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विदेशी नागरिकों के प्रवेश को निलंबित करना शामिल है। आंतरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि हार्वड नेतृत्व ने अमेरिका विरोधी और आतंकवाद समर्थक लोगों को प्रवेश की अनुमति देकर परिसर में असुरक्षित माहौल पैदा किया है।

ऑफ बीट

सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

रेसवॉकर प्रियंका ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

नई दिल्ली। भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। इंसब्रुक में पुरूषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे। प्रियंका गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा ,'' एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था।

इलावेनिल को आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक

म्यूनिख। भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वरुण तोमर (160.3) ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता की छह सीरीज में 585 अंक के साथ दूसरे स्थान पर क्वालीफाई करने के बाद फाइनल में छठा स्थान हासिल किया। चीन के काई हू ने 242.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि रजत और कांस्य पदक क्रमशः कजाखस्तान के वेलेरी राखिमजान (241.9) और जर्मनी के स्टार क्रिश्चियन रीट्ज (220.8) ने हासिल किए।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मुकाबला आज से

अफ्रीका चाहेगी पहली बार खिताब हथियाना ऑस्ट्रेलिया भी कड़ी चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का फाइनल मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 11 जून से होगा। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में यह प्रतिष्ठित मुकाबला खेला जाएगा। तेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली बार यह खिताब जीतना चाहेगी, जबकि पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। टेस्ट प्रारूप में अब तक ये दोनों टीमें कुल 101 मैचों में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 54 टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं, जबकि 26 टेस्ट प्रोटियाज टीम ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 21 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। तटस्थ मैदानों पर दोनों टीमें 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज (ड्रॉ-1) की है।

इस संयोजन के साथ उतर सकती है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की टीम से एक बार फिर उस्मान ख्वाजा पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। गेंदबाजी में कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तिकड़ी कहर बरपाने के लिए तैयार होगी। नाथन लियोन पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी। ब्यू वेबस्टर को मौका मिल सकता है।
संभावित एकादशः उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, और जोश हेजलवुड।

ड्रॉ होने पर कौन बनेगा चैंपियन

टेस्ट मैच अधिकतर ड्रा ही होते हैं और बहुत ही कम चांस जीत हार के होते हैं। ऐसे में यह कयास लगाया जाना लाजिमी है कि अगर यह मुकाबला ड्रा रहता है तो कौन सी टीम विजेता घोषित की जाएगी और किसे ईनामी राशि 30 करोड़ रुपए मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार भारत को हराकर पहला डब्ल्यूटीसी खिताब जीता था। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी टीम को पहला विश्व टेस्ट खिताब दिलाने की कोशिश में हैं। अगर मैच ड्रॉ या रद्द हो जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया जाएगा।

विजेता को मिलेगी 30 करोड़ की इनाम राशि

आईसीसी ने इस बार विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना से भी ज्यादा कर दिया है। फाइनल जीतने वाली टीम को 30 करोड़ की इनामी राशि मिलेगी। जबकि उपविजेता टीम को 18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

ऐसी हो सकती है दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने बताया है कि रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम टीम की सलामी जोड़ी होगी। काइल वेरिन टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज हो सकते हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से प्रभावित किया है। तेज गेंदबाजी का कार्यभार कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी के कंधो पर होगा।
संभावित एकादशः एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन, टोनी डी जोरजी, तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, मार्को येंसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, और लुंगी एनगिडी।

प्रो लीगः लगातार दो हार के बाद अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी में तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिये यूरोप चरण की शुरूआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

भारत का मुकाबला अब इन देशों से

अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत को प्रो लीग में एकमात्र पराजय 2022 में भुवनेश्वर में मिली थी । प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पलड़ा भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत को प्रो लीग में एकमात्र पराजय 2022 में भुवनेश्वर में मिली थी।

भारत से टेस्ट मैच के पहले इंग्लैंड को झटका, तेज गेंदबाज जोश हुए चोटिल

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। उनके तेज गेंदबाज जोश टंग को इंडिया ए के खिलाफ नॉर्थम्प्टन में चल रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान चोट लग गई है। इस चोट के कारण टंग का हेडिंग्ले, लीड्स में होने वाले पहले टेस्ट में खेलना अनिश्चित हो गया है।

पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदाः नई दिल्ली।

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। उन्होंने सिर्फ 29 साल की उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलने वाले पूरन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की।

भारत 2027 एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में हांगकांग से 0-1 से हारा

एजेंसी ▶▶| कोवलून (हांगकांग)

भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। अपने से कम रैंकिंग वाले हांगकांग के खिलाफ हार भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और फिनिशिंग कौशल की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इस हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है और टीम फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक जाएगी जबकि हांगकांग को अंक मिलेंगे और वह आगे बढ़ेगा। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मार्क्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। चोटिल होने के कारण चिकित्सा सहायता के बाद कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया। मध्यांतर से पहले हांगकांग को गोल करने का मौका मिला लेकिन फ्री किक पर कैथ के चूकने के बाद आशीष राय ने संकट को टाल दिया।

उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्याः– शुद्धिपत्र
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप – 135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता हैः–

क्रम संख्या	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण
1.	61255728 में शुद्धिपत्र	डिलीवरी स्केडुल अपडेट किया गया
2.	61255730 में शुद्धिपत्र	डिलीवरी स्केडुल अपडेट किया गया

निविदा शर्तें: – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। **1725/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.या.अभि. / कै. एवंवै, अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या 116S-WC-03-MC-4-2025-26 के अंतर्गत खुली निविदाए आमंत्रित की जाती है, जिसके बंद होने की तिथि व समय 20.06.2025,17:00 बजे है, जो उसी दिन 17:05 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई–निविदा सूचना सं:. 116S-WC-03-MC-4-2025-26

S N.	कार्य का नाम	एडवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	सी एंड डब्ल्यू डिपो चंडीगढ़ में ट्रेन 12218/17 के 2 रेकों में आईओटी आधारित जल स्तर निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग	Rs 21,31,080	Rs 42,600	30 दिन	20.06.2025

नोटः 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। संख्याः 116S-WC-03-MC-4-2025-26
दिनांकः 29.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1710/25**

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 02-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 09.06.2025; मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: निविदा सं.: 2-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के अधीन विभिन्न स्थानों पर रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए व्यावहारिकता अध्ययन जांच करने, कुल स्टेशन/डीसीपीएस के साथ विस्तृत सर्वेक्षण, अनुमोदन संरेखण का चिन्हितकरण, मिट्टी की जांच, जीएडी तैयार करना एवं डीपीआर प्रस्तुत करने के लिए खुली ई-निविदा। निविदा मूल्यः रु. 3,69,67,853.52; निविदा बंद होने की तारीख : 02.07.2025 । वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः **www.ireps.gov.in** (MLD-82/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

विषय : शेष हरियाणा और मेवात कैडर (विज्ञा. सं. 26/2023 और 36/2023) हेतु कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए भर्ती।

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर हेतु (विज्ञा. सं. 26/2023) और मेवात कैडर हेतु (विज्ञा. सं. 36/2023) कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि कुछ उम्मीदवारों ने उपरोक्त पद के लिए विभिन्न पंजीकरण संख्या / मोबाइल नम्बर / ई-मेल आईडी / श्रेणी इत्यादि सहित मल्टीपल आवेदन प्रपत्र जमा करवाए थे। अतः, आयोग ने उनके पंजीकण संख्या और श्रेणी उल्लेखित करते हुए सभी उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। मल्टीपल प्रवेश-पत्रों की प्राप्ति में उम्मीदवारों को उनकी च्वाइस के एक अनुक्रमांक के तहत उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है और उन पर आगे भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल उसी विशेष अनुक्रमांक के लिए आयोग द्वारा विचार किया जाएगा।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 10.06.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/330/2026/35518/88/6 दि. 10.06.25 पंचकूला

ई-निविदा सूचना

उप निदेशक बागवानी, सीओईएसएएच, गिगनाऊ भिवानी बागवानी विभाग, हरियाणा के गिगनाऊ, लोहारु (भिवानी) में अर्ध शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में कृषि / बागवानी मशीनरी की आपूर्ति के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार हैं :-

महत्वपूर्ण जानकारी

क्र.सं.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा प्रारम्भ तिथि	12.06.2025	अप. 03:00 बजे
2.	बोली जमा और ईएमडी हेतु अन्तिम तिथि	11.07.2025	अप. 5:00 बजे
3.	तकनीकी बोली का खुलना	14.07.2025	पूर्वा. 11:00 बजे
4.	वित्तीय बोली का खुलना	16.07.2025	पूर्वा. 11:00 बजे

ईएमडी राशि रु. 35000/- (आईएनआर. पैंतीस हजार केवल) होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को रु. 1180/- (रुपए एक हजार एक सौ अस्सी केवल) की ई-सेवा शुल्क (अप्रतिदेय) और रु. 1180/- (रुपए एक हजार एक सौ अस्सी केवल) के निविदा दस्तावेज शुल्क (अप्रतिदेय) का सिक्योर इलैक्ट्रोनिक गेटवे की सेवा का उपयोग करते हुए ऑनलाइन अनिवार्य रूप से भुगतान करना होगा। सिक्योर इलैक्ट्रोनिक पेमेंट्स गेटवे बोलीदाताओं और ऑनलाइन भुगतान प्राधिकारिता नेटवर्क्स के बीच एक ऑनलाइन इंटरफेस है। विस्तृत विशिष्टी, नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल अर्थात **https://etenders.hry.nic.in/** पर दिनांक 12.06.2025 को अप. 3.00 बजे से उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट हैं।

हस्ता/- उप निदेशक बागवानी,
सीओईएसएएच, गिगनाऊ, भिवानी
पीआरडीएच-1149/11/840/2026/35533/88/6 दि. 10.06.25

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी :-

रेलगाड़ी सं. 09639/09640 मदार जं.-रोहतक जं.-मदार जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन) | 42 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09639 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09639 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09640 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09640 प्रस्थान
----	04:30	मदार जं.	22:35	----
04:41	04:43	किशनगढ़	21:24	21:26
05:15	05:17	नरैना	20:37	20:39
05:31	05:33	फुलेरा जं.	20:20	20:25
06:03	06:05	रेनवाल	19:08	19:10
06:17	06:19	बधाल	18:50	18:52
06:33	06:38	रींगस जं.	18:25	18:30
06:51	06:53	श्री माधोपुर	18:00	18:02
07:09	07:11	कांवट	17:44	17:46
07:25	07:27	भगेगा	17:28	17:30
07:38	07:40	नीमा का थाना	17:16	17:18
07:50	07:52	मांडवा	17:04	17:06
08:07	08:09	डाबला	16:48	16:50
08:20	08:22	निजामपुर	16:35	16:37
08:40	08:42	नारनौल	16:20	16:22
09:08	09:10	अटेली	16:05	16:07
09:41	09:43	कुण्ड	15:50	15:52
10:40	10:50	रेवाड़ी जं.	15:20	15:30
10:57	10:58	गोकलगढ़	14:33	14:35
11:19	11:21	झज्जर	14:03	14:05
12:20	12:22	अस्थल बोहर जं.	13:33	13:35
12:50	----	रोहतक जं.	----	13:20

चलने के दिन : 09639 मदार जं. एवं 09640 रोहतक जं. से दिनांक 30.06.2025 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1727/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईवी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103
शाखा कार्यालय : शांति कॉम्प्लैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर	सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	राहुल पुत्र राजकुमार (कर्जदार), संगीता पत्नी राहुल (सह-कर्जदार), LHPNP00001340904.	मोहित पुत्र राजकुमार द्वारा श्री राहुल पुत्र राजकुमार के पक्ष में ट्रांसफर डीड 743 दिनांक 15.07.2020 के तहत जमाबंदी वर्ष 2014-15 हरियाणा 132101 के अनुरूप मौजा समालखा तहसील समालखा जिला पानीपत में सम्पत्ति नं. 1435//1085 खतौनी नंबर 1442 खसरा नंबर 32//8/1(2-11) किता 1 रकबा 2 कनाल 11 मरले का 28/3086 हिस्सा बकदर रकबा 3 सरसई वा खेवट नंबर 0-509//381, खतौनी नंबर 519, खसरा नंबर 32//7 (7-7), किता 1 रकबा 7 कनाल 7 मरले का 20/2646 हिस्सा बकदर रकबा 1 मरला 1 सरसई कुल मुंतकिल रकबा 1 मरला 4 सरसई। सीमाएं :- उत्तर : धर्मशाला, दक्षिण : गली, पूर्व : गली, पश्चिम : चमेली का प्लॉट /कब्जे की तिथि : 06-जून-2025	17-03-2025 रु. 4,74,412.86/-	पानीपत
2.	राहुल पुत्र राजकुमार (कर्जदार), संगीता पत्नी राहुल (सह-कर्जदार), LHPNP00001340905.	मोहित पुत्र राजकुमार द्वारा श्री राहुल पुत्र राजकुमार के पक्ष में ट्रांसफर डीड 743 दिनांक 15.07.2020 के तहत जमाबंदी वर्ष 2014-15 हरियाणा 132101 के अनुरूप मौजा समालखा तहसील समालखा जिला पानीपत में सम्पत्ति नं. 1435//1085 खतौनी नंबर 1442 खसरा नंबर 32//8/1(2-11) किता 1 रकबा 2 कनाल 11 मरले का 28/3086 हिस्सा बकदर रकबा 3 सरसई वा खेवट नंबर 0-509//381, खतौनी नंबर 519, खसरा नंबर 32//7 (7-7), किता 1 रकबा 7 कनाल 7 मरले का 20/2646 हिस्सा बकदर रकबा 1 मरला 1 सरसई कुल मुंतकिल रकबा 1 मरला 4 सरसई। सीमाएं :- उत्तर : धर्मशाला, दक्षिण : गली, पूर्व : गली, पश्चिम : चमेली का प्लॉट /कब्जे की तिथि : 06-जून-2025	17-03-2025 रु. 40,501.06/-	पानीपत
3.	हरचरण सिंह पुत्र सिंह राम (कर्जदार), रजनी देवी पत्नी हरचरण सिंह (सह-कर्जदार), LHPNP00001355240.	वाका गांव रायपुर तहसील शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा-136118 में एसआर शाहबाद और म्यूटेशन नंबर 997 के सेल डीड वसीका नंबर 1895 दिनांक 23.11.2020 के तहत खेवट नंबर 65 खतौनी नंबर 100-114 में निहित भूमि माप 511 कनाल 09 मरला में से हिस्सा 5/10229 का हिस्सा अर्थात प्लॉट माप 5 मरला। सीमाएं : उत्तर : प्लॉट कृष्णा और 40 फीट 6 इंच, दक्षिण : प्लॉट मलिकान और 51 फीट, पूर्व : गली और 27 फीट 6 इंच, पश्चिम : अन्य की भूमि 27 फीट 6 इंच / कब्जे की तिथि-06-जून-25	17-03-2025 रु. 8,61,697/-	पानीपत
4.	हरचरण सिंह पुत्र सिंह राम (कर्जदार), रजनी देवी पत्नी हरचरण सिंह (सह-कर्जदार), LHPNP00001355241.	वाका गांव रायपुर तहसील शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा-136118 में एसआर शाहबाद और म्यूटेशन नंबर 997 के सेल डीड वसीका नंबर 1895 दिनांक 23.11.2020 के तहत खेवट नंबर 65 खतौनी नंबर 100-114 में निहित भूमि माप 511 कनाल 09 मरला में से हिस्सा 5/10229 का हिस्सा अर्थात प्लॉट माप 5 मरला। सीमाएं : उत्तर : प्लॉट कृष्णा और 40 फीट 6 इंच, दक्षिण : प्लॉट मलिकान और 51 फीट, पूर्व : गली और 27 फीट 6 इंच, पश्चिम : अन्य की भूमि 27 फीट 6 इंच / कब्जे की तिथि-06-जून-25	17-03-2025 रु. 53,805/-	पानीपत
5.	प्रेम सिंह पुत्र नफे सिंह (कर्जदार), नफे सिंह पुत्र बारू (सह-कर्जदार), NHKTL00000822366.	प्रेम सिंह पुत्र नफे सिंह के पक्ष में दस्तावेज संख्या 768 दिनांक 03.05.2005 के तहत पट्टी गदर शिव नगर तहसील और जिला कैथल हरियाणा में स्थित मुरब्बा नंबर 62 किला नंबर 5/2, 6, 14, 15, 16, 17, 24, 25, मुरब्बा नंबर 65, किला नंबर 4, 5 खेवट नं. 57 में निहित सम्पत्ति माप 171.21 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं:- उत्तर : दीगर, दक्षिण : गली 18 फीट, पूर्व : दीगर, पश्चिम : दीगर /कब्जे की तिथि-09-जून-25	21-03-2025 रु. 6,90,002/-	अम्बाला

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 11 जून 2025
स्थान : पानीपत, कुरूक्षेत्र, कैथल

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

खबर संक्षेप

भारत की जनसंख्या 1.46 अरब के करीब, प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे : संरा

नई दिल्ली (भाषा)। संयुक्त राष्ट्र की एक नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 2025 के अंत तक 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। रिपोर्ट में, साथ ही, यह भी खुलासा किया गया है कि देश की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं।

हिमाचल में इजराइली पर्यटक लापता

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में ट्रैकिंग रूट त्रियुंड से एक इजराइली नागरिक के लापता हो गया है।

उसका नाम सैमुअल वेंगरिनोविच है जो 6 जून को ट्रैकिंग पर निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। सैमुअल की साथी एडिबलम ने सोमवार को मैक्लोडगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। वे धर्मकोट क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 5 लोग हिमाचल की यात्रा पर आए थे।

बेल्जियम से विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान को चेतावनी

हम आतंकवाद के साथ और नहीं जीएंगे हमला हुआ तो फिर से करारा जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶ ब्रूसेल्स

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी।

आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा यही प्रमुख समस्या

मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला कर निष्क्रिय किया

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के करीब तीन हफ्ते बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है औऱ कहा है कि अगर फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से करारा जवाब देने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा। जयशंकर इन दिनों बेल्जियम के दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के भीतर मौजूद हैं तो हम पाकिस्तान में भीतर जाकर ही हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई से नहीं हिचकेगा।

ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

पाक आतंकियों को पनाह दे रहा

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद इस देश (पाकिस्तान) की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। यही प्रमुख समस्या है।

बेल्जियम के साथ पुराने रिश्ते

जयशंकर ने बेल्जियम के साथ भारत के पुराने और मजबूत संबंधों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेल्जियम हमेशा भारत का प्रमुख साझेदार रहा है और यह उन पहले देशों में से एक है जिसने भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। उन्होंने कहा कि अब भारत सिर्फ राजनीतिक समझ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि आर्थिक सहयोग, जनसंपर्क और प्रवासी भारतीयों के कल्याण को भी आगे बढ़ाना चाहता है।

भारत को महत्व दे रहा यूरोप

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती वैश्विक स्थिति के बीच यूरोप अब भारत के साथ मजबूत संबंधों को लेकर पहले से ज्यादा गंभीर हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, वैसे ही अब 'आत्मनिर्भर यूरोप' की सोच भी उभर रही है, जो दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि यूरोप अब यह महसूस कर रहा है कि कई समस्याओं का हल उसे खुद ढूंढना होगा। इसी कारण वह अन्य देशों, खासकर भारत के साथ अपने रिश्तों को और गहराई देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप अब रणनीतिक स्वायत्तता को भी महत्व दे रहा है।

हमने पाक के एयरबेस तबाह किए

जयशंकर ने कहा कि 10 मई को ये लड़ाई केवल एक कारण से रुकी, वह यह कि 10 तारीख की सुबह हमने मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। जिन पाकिस्तानी एअरबेसों पर हमला किया गया और जो नुकसान हुए हैं, उसकी सैटेलाइट तस्वीरों को भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है इस पर वह इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन जल्द ही संबंधित प्राधिकरण द्वारा सही समय आने पर इस पर पूरी जानकारी दी जाएगी।

भारत लोकतंत्र की जननी...जबकि पाक आतंकवाद का जनक है: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



■ यह जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को देहरादून में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी।

ऑपरेशन सिंदूर को एक महीना पूरा हो चुका है। लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक आधिकारिक रूप से इस सैन्य अभियान के समापन की घोषणा नहीं की गई है। देश की सशस्त्र सेनाएं भी पहले की स्थिति में ही पूरी मुस्तैदी के साथ मोर्चे पर डटी हुई हैं। इन सबके बीच मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देहरादून में आयोजित किए गए एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इस सैन्य अभियान के जरिए सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के प्रति दृष्टिकोण और कार्रवाई के तरीके को बदलकर भारत के सुरक्षा तंत्र को ही बदल दिया है। पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस बदलाव को देखा है। यह सैन्य अभियान भारतीय इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई है। दोनों देश एक ही समय पर आजाद हुए थे। लेकिन भारत लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। जबकि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद के जनक के रूप में उभरा है। उसने हमेशा से आतंकवादियों को पनाह दी, प्रशिक्षण के साथ वित्तीय मदद मुहैया कराई है। ऐसे में वो हमेशा इस खतरे को उचित ठहराने की कोशिश करता रहता है। लेकिन अब महत्वपूर्ण ये है कि हम इन आतंकवादियों और इनके समूचे ढांचे को पूरी तरह से खत्म कर दें। इस कार्यक्रम का विषय राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद रखा गया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

वैश्विक समुदाय डाले पाक पर दबाव

राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हुए कहा कि वो आतंकवाद से निपटने के लिए पाकिस्तान पर रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव डालें। पाक आतंकवाद की नर्सरी है और उसे पोषित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे पड़ोसी देश को यह कतई बर्दाश्त नहीं हुआ कि धारा-370 को समाप्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति और प्रगति के एक नए युग की शुरुआत कैसे हुई? इसे लेकर ही उन्होंने पहलगाम का कायरतापूर्ण आतंकी हमला किया, ये घटना देश की सामाजिक एकता पर किया गया हमला था। जिसके जवाब में हमने अपनी सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। राजनाथ ने कहा, भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है और ऐसी प्रणाली बना रहा है। जो इसे रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बना रही है।

द्वारका में 7वें फ्लोर पर भीषण आग: जान बचाने को वहीं से लगा दी छलांग, पिता और 2 बच्चों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली के द्वारका सेक्टर 13 में स्थित शब्द अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया।इस हादसे में 3लोगों की मौत हो गई है। तीनों जान बचाने के लिए बिल्डिंग से नीचे कूद गए थे। इसमें पिता और दो बच्चे शामिल हैं।फिलहाल, आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं। बताया जा रहा है कि अभी तक किसी



के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि, 3लोगों के सातवीं मंजिल से नीचे कूदने की खबर सामने आई है। इन लोगों की स्थिति के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। दमकल विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन ने आसपास के फ्लैट को खाली करवा लिया है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए। सुबह करीब 10 बजे एक कॉलर ने दिल्ली फायर सर्विस को फोन कर एमआरवी स्कूल के पास आवासीय अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद मौके पर दमकल विभाग ने दमकल की 8 गाड़ियों को भी रेस्क्यू के काम पर लगा दिया गया।

शिप पर केमिकल से भरे 650 कंटेनर लदे हुए

केरल तट के पास जल रहे जहाज में आग बुझाने की कोशिश जारी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल तट के नजदीक जल रहे सिंगापुर के झंडे वाले जहाज की आग बुझाने को कोशिश जारी है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने क्रू के 18 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है। वहीं क्रू के चार सदस्य अभी भी लापता हैं। कुछ क्रू सदस्य घायल

हैं और उनमें से दो की हालत गंभीर है। जहाज में रविवार को आग लगी थी और मंगलवार को भी नौसेना, तटरक्षक बलों द्वारा संयुक्त और समन्वित बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

हथकड़ी लगाकर भारतीय छात्र को वापस भेजने के मामले पर अमेरिकी दूतावास की सफाई...

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। अवैध प्रवासियों को तेजी से बाहर निकालने और छात्र वीजा से जुड़े नियमों में की गई हालिया सख्ती के बीच अमेरिका के नेवार्क हवाईअड्डे से हथकड़ी लगाकर एक भारतीय छात्र को स्वदेश वापस भेजने के मामले के तूल पकड़ने के बाद मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने सफाई दी है। एक्स पोस्ट में दूतावास ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में वैध यात्रियों का स्वागत जारी है। लेकिन अमेरिका आने का कोई अधिकार नहीं है। अवैध

■ अमेरिका में वैध यात्रियों का होगा स्वागत लेकिन अवैध प्रवेश, वीजा का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं।

प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग और अमेरिकी कानूनों के उल्लंघन को अमेरिका में किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले का खुलासा सोशल मीडिया पर एक प्रवासी भारतीय बिजनसमैन कुणाल जैन की एक्स पोस्ट से हुआ। जिसमें एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने बताया कि नेवार्क हवाईअड्डे पर मैंने देखा कि किस तरह से एक युवा भारतीय छात्र को वापस भेजा गया। पुलिस ने उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया। उसे हथकड़ी लगाई गई थी, वो रो रहा था। कुणाल के दावे के मुताबिक, छात्र हरियाणवी में चिल्लाते हुए पुलिस से कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं। लेकिन पुलिस अधिकारी मुझे पागल साबित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने इसे एक मानवीय त्रासदी बताते हुए कहा कि यह छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए अमेरिका आया था।